देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–173 । सागर, गुरुवार, 10 अगस्त 2023। पृष्ठ –8। मूल्य – 3.00 रुपए

5 दुकानों के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों की संपत्ति पार की पृष्ठ 3

▪ मणिपुर दंगे पर सर्वोच्च न्यायालय में मोदी सरकार के हलफनामे पर उठा सवाल पृष्ठ 4

▪ फर्जी तरीके से चल रहे आवासीय विद्यालय 6

विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सिद्धार्थ मलैया 7

## अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में बोले राहुल गांधी

# मणिपुर में भारत माता की हत्या हुई

- कांग्रेस नेता ने अपने भाषण में भारत जोड़ो यात्रा के अनुभवों का भी किया जिक्र
- मोदी सिर्फ शाह व अडानी की सुनते हैं





**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को देशद्रोही करार दिया और कहा कि इस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने मणिपुर को विभाजित किया और वहां भारत मां की हत्या की है। श्री गांधी ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दूसरे दिन पहले वक्ता के रूप में अपने तीखे भाषण में अपनी भारत जोड़ो यात्रा की कहानी और अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा, भारत एक आवाज है, किसानों और गरीबों की आवाज है। आपने इस आवाज की मणिपुर में हत्या की, इस तरह आपने वहां भारत माता की हत्या की है। उन्होंने सत्ता पक्ष के कई मंत्रियों और सदस्यों की टोकाटोकी के बीच कहा, आप देशप्रेमी नहीं हो, आप देशद्रोही हो। आप भारत माता के रखवाले नहीं हैं, भारत माता के हत्यारे हैं। मेरी एक मां यहां बैठी है, मेरी एक मां भारत माता है। इस दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने श्री गांधी को मर्यादाओं का ध्यान दिलाते हुए कहा, आप वरिष्ठ सदस्य हैं ,आप सदन में उचित भाषा का उपयोग करें।

**मोदी अडानी के चित्र भी दिखाए**– श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा, 'रावण केवल दो लोगों मेघनाद और कुम्भकर्ण की सुनता था और श्री मोदी भी केवल दो व्यक्तियों अमित शाह और अडानी की सुनते हैं।' इस दौरान उन्होंने श्री मोदी के साथ उद्योगपति गौतम अडानी के चित्र भी दिखाए। श्री गांधी ने कहा, लंका को हनुमान ने नहीं जलाया, रावण के अहंकार ने जलाया। राम ने रावण ने नहीं मारा, रावण को उसके अहंकार ने मारा। उन्होंने सत्ता पक्ष की ओर से इशारा करते हुए कहा, आपने मणिपुर में केरोसिन फेंकी। आप पूरे देश में आग लगाना चाहते हो। ' मंगलवार को शुरू हुई चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मणिपुर को दो भागों में विभाजित कर दिया गया है। वहां बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों के साथ हिंसा की भीवत्स घटनायें हुई हैं। वहां एक दिन में शांति लायी जा सकती है, सेना को तैनात कर दिया जाए तो स्थिति सामान्य करने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा, लेकिन आप सेना को तैनात नहीं करते। श्री गांधी मणिपुर के अपने दौरे के अनुभव सुनाते हुए प्रधानमंत्री की आलोचना की कि वह वहां एक बार भी नहीं गए।

**भाजपा के साथी डरें नहीं, अडानी पर नहीं बोलूंगा**– राहुल ने कहा कि आज जो मेरे भाजपा के मित्र हैं। आज आपको डरने की जरूरत नहीं है। अडानी जी पर नहीं बोलने जा रहा हूं। आप शांत रह सकते हैं। मेरा भाषण आज दूसरी डायरेक्शन में जा रहा है। रूमी ने कहा था कि जो शब्द दिल से आते हैं, वो शब्द दिल में जाते हैं। आज मैं दिमाग से नहीं बोलना चाहता, आज मैं दिल से बोलूंगा। मैं आज आप लोगों पर इतना आक्रमण नहीं करूंगा। एक–दो गोले जरूर मारूंगा। आप रिलैक्स कर सकते हैं।

### स्मृति ईरानी बोली, आप इंडिया नहीं हैं



राहुल के भाषण के जवाब में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बोलीं कि राहुल भारत माता की हत्या की बात करते हैं। कांग्रेस ताली बजाती है। ये इस बात का संकेत है कि मन में गद्दारी किसके है। स्मृति ईरानी ने कहा कि आप इंडिया नहीं हैं। पहली बार राष्ट्र के इतिहास में भारत मां की हत्या की बात की। मैं आज हिंदुस्तानी होने के नाते कहती हूं, मणिपुर खंडित–विभाजित नहीं है, मेरे देश का अंग है। राहुल गांधी को लेकर एक नया विवाद भी हो गया। स्मृति ने राहुल गांधी पर महिला सांसदों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। भाजपा ने इसकी शिकायत स्पीकर से की है।

## अमित शाह ने कांग्रेस पर बोला हमला

### सबसे ज्यादा दंगे कांग्रेस के कार्यकाल में हुए



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अविश्वास प्रस्ताव पर हो रही चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस, पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश में सबसे ज्यादा धार्मिक और नस्लीय दंगे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में हुए। उन्होंने राहुल गांधी पर मणिपुर में जाकर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। अमित शाह ने मणिपुर में नस्लीय हिंसा के इतिहास का जिक्र करते हुए यह आरोप लगाया कि 1993 और 1997 में मणिपुर में इससे भी भयानक हिंसा हुई थी। लेकिन, उस समय एक बार सदन में इस पर चर्चा भी नहीं हुई और एक बार चर्चा हुई तो जवाब गृह राज्य मंत्री की तरफ से दिया गया। लेकिन, आज विपक्ष प्रधानमंत्री के जवाब की मांग कर सदन को कई दिनों से चलने नहीं दे रहा है। अमित शाह ने मणिपुर के वीडियो को समाज के नाम पर एक धब्बा बताते हुए कहा कि कोई भी इसका समर्थन नहीं कर सकता, वह खुद भी इससे दुखी हैं, लेकिन यह सवाल जरूर उठता है कि 4 मई की घटना का वीडियो अगर पहले से किसी के पास था तो उसने राज्य के डीजीपी को क्यों नहीं दिया।

## कक्षा बदलने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी

# चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3



***नई दिल्ली, एजेंसी।*** *भारत का चंद्रयान–3 मिशन बुधवार को चांद के और करीब पहुंच गया। इसरो ने बताया कि चंद्रयान–3 स्पेसक्राफ्ट ने चांद की कक्षा बदलने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। अब चंद्रयान–3 चांद के और करीबी कक्षा में पहुंच गया है। 14 जुलाई को लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान–3 पृथ्वी की कक्षा छोड़ 5 अगस्त को सफलतापूर्वक चांद की कक्षा में पहुंच गया था। इसरो ने एक ट्वीट में कहा, चंद्रयान–3 अब चांद की सतह के और करीब है। चंद्रयान–3 के ऑर्बिट कम करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इसकी दूरी 174 किमी 1437 किमी रह गई है। इसरो ने कहा कि अब यान का चांद की कक्षा बदलने से जुड़ा ऑपरेशन 14 अगस्त को दिन में 11.30 से 12.30 के बीच होगा। जैसे–जैसे मिशन आगे बढ़ रहा है चंद्रयान–3 को चांद की कक्षा में और नीचे उतारने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि इसे चांद के ध्रुव पर पहुंचाया जा सके। 15 जुलाई को चंद्रयान–3 ने सफलतापूर्वक पृथ्वी की पहली कक्षा में प्रवेश किया था। इसके बाद चंद्रयान ने 17 जुलाई को पृथ्वी की दूसरी और 18 जुलाई को पृथ्वी की तीसरी कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया। इसके बाद 20 जुलाई को चंद्रयान ने पृथ्वी की चौथी और 25 जुलाई को पृथ्वी की पांचवीं कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक अगस्त को भारत के बहुप्रतीक्षित अभियान चंद्रयान–3 अंतरिक्षयान को पृथ्वी की कक्षा से निकालकर सफलतापूर्वक चांद की कक्षा की तरफ रवाना किया था। पांच अगस्त को चंद्रयान सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया था। इसके बाद चंद्रयान–3 से खींची गई कई तस्वीरों को इसरो ने साझा भी किया था। मिशन ने 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा केन्द्र से उड़ान भरी थी। यह 23 या 24 अगस्त को चंद्रमा पर उतरेगा।*

## सार-समाचार

### केरल का नाम 'केरलम' करने को लेकर केरल विधानसभा में प्रस्ताव पारित

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल का नाम केरलम करने को लेकर विधानसभा में बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने केंद्र से राज्य का नाम बदलने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि हमारे राज्य का नाम मलयालम भाषा में केरलम है। एक नवंबर, 1956 को भाषा के आधार पर राज्यों का गठन किया गया था। केरल दिवस भी एक नवंबर को है। उन्होंने कहा कि मलयालम भाषी समुदायों के लिए केरल को एकजुट करने की आवश्यकता राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही स्पष्ट रही है। हालांकि, हमारे राज्य का नाम संविधान की पहली अनुसूची में केरल के रूप में सूचीबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधानसभा सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत इसे केरलम में संशोधित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध करती है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि यह सदन अनुरोध करता है कि हमारे राज्य का नाम संविधान की आठवीं अनुसूची में भी केरलम रखा जाए। इस प्रस्ताव को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी यूडीएफ ने किसी संशोधन या बदलाव का सुझाव दिए बगैर स्वीकार कर लिया। इसके बाद, अध्यक्ष ए एन शमसीर ने हाथ उठाकर दिए गए समर्थन के आधार पर इसे विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव घोषित किया।

### बुद्धदेव भट्टाचार्य को अस्पताल से मिली छुट्टी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बुद्धदेव को 29 जुलाई को श्वसन संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह पत्नी के साथ अस्पताल से दक्षिण कोलकाता स्थित अपने घर गए। श्री भट्टाचार्य को 11 दिनों के इलाज के बाद छुट्टी मिली। वह 29 जुलाई से सांस लेने में दिक्कत के चलते अस्पताल में भर्ती हुए थे। डॉक्टरों की एक टीम घर पर उनकी देखरेख करेगी।

### विश्वकप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले की तारीख बदली

**दुबई,एजेंसी।** आईसीसी ने वनडे विश्व कप 2023 का नया शेड्यूल जारी कर दिया है। 27 जून को आईसीसी ने शेड्यूल जारी किया था। जिसमें अब कुछ सुधार किया गया है। यह टूर्नामेंट पांच अक्तूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में खेला जाएगा, लेकिन कुछ मैचों की तारीख बदल गई हैं। भारत का पहला मैच आठ अक्तूबर को चेन्नई के मैदान में ऑस्ट्रेलिया के साथ होगा। भारत–पाकिस्तान के बीच महामुकाबला अब 15 अक्तूबर को नहीं बल्कि 14 अक्तूबर को खेला जाएगा।

### गोपाल कांडा के आवास पर ईडी ने मारा छापा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने हरियाणा के सिरसा से विधायक गोपाल कांडा के यहां सिविल लाईंस स्थित आवास पर आज सुबह छापा मारा। ईडी की टीमें सुबह छह बजे कांडा के सिविल लाइंस स्थित आवास पर पहुंच गई थी। श्री कांडा, पूर्ववर्ती इंडियन नेशनल लोकदल सरकार में गृहमंत्री थे और वह एक छोटा सा व्यवसाय अपने गांव के पास करते थे, लेकिन देखते ही देखते वह एक बड़े व्यापारी तथा होटल और एमडीएलआर एयरलाईंस के मालिक बन गए।

### राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग, दंत चिकित्सा सलाहकार परिषद और दंत चिकित्सा शिक्षा को निगमित करने वाला राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक 2023 मंगलवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। यह विधेयक दंत चिकित्सा अधिनियम 1948 का स्थान लेगा और राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग कथा राष्ट्रीय दंत चिकित्सा सलाहकार परिषद का गठन करेगा। केंद्र सरकार 33 सदस्यों वाले एक राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग का गठन करेगी। इसकी अध्यक्षता एक प्रतिष्ठित और अनुभवी दंत चिकित्सक करेगा। अध्यक्ष की नियुक्ति खोज और चयन समिति की सिफारिशों के अनुरूप की जाएगी इस समिति की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव करेंगे। मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार समग्रता में विश्वास रखती है और उसी दिशा में आगे बढ़ रही है।

## सागर में सौ करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास मंदिर और स्मारक का करेंगे शिलान्यास

# प्रधानमंत्री 12 को मप्र आएंगे, मिलेगी कई सौगातें

- बीना रिफायनरी पेट्रोकेमिकल विस्तारीकरण परियोजनाओं का होगा भूमि-पूजन
- कोटा-बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का होगा लोकार्पण



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 अगस्त को मध्यप्रदेश आयेंगे। वे इस अवसर पर सागर के बड़कुमा में सौ करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास भव्य मंदिर–विशाल स्मारक का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री प्रदेश में जारी समरस यात्रा के समापन के साथ ही राज्य को कई सौगातें भी देंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड को एक बड़ी सौगात के रूप में बीना रिफायनरी पेट्रोकेमिकल की विस्तारीकरण परियोजनाओं का भूमि–पूजन करेंगे। बीपीसीएल की रिफायनरी वर्ष 2011 से मध्यप्रदेश में कार्यरत है, अब इसका विस्तारीकरण कर पेट्रोकेमिकल का निर्माण भी किया जाएगा। बीपीसीएल इस परियोजना पर लगभग 50 हजार करोड़ रूपए खर्च करेगी। राज्य शासन द्वारा बीपीसीएल को टैक्स में छूट और सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई है। श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी लगभग एक हजार करोड़ रूपए की लागत के 47 किलोमीटर के मोरी–कोरी–विदिशा–हिनौतिया पैकेज–1 फोर लेन तथा हिनौतिया–मेलुआ पैकेज–2 टू लेन सड़कों का भूमि–पूजन भी करेंगे। इससे मध्य भारत में बेहतर सम्पर्क के साथ–साथ पर्यटक हमारी विश्व धरोहर साँची के बुद्ध स्तूप, अशोक स्तंभ और उदयगिरि की चट्टानों पर बनाए गए गुफा मंदिरों तक आसानी से पहुँच सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी रेल मंत्रालय के अधीन कोटा–बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण भी करेंगे। इस पर 2 हजार 476 करोड़ रूपए की लागत आएगी।

### छग में मेहरा व माहरा अनुसूचित जनजाति में शामिल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के मेहरा और माहरा समुदाय को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने से संबंधित संविधान अनुसूचित जातिंया आदेश (संशोधन ) विधेयक 2023 को आज राज्यसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसको पहले ही पारित कर चुकी है। इस तरह आज इस पर संसद की मुहर लग गई।

## मुख्यमंत्री ने जनजातीय बाहुल्य पोडकी गांव में किया जन संवाद, कहा-

# महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी जाएगी टोल नाकों के संचालन की जिम्मेदारी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अनूपपुर जिले के जनजातीय बाहुल्य विधानसभा पुष्पराजगढ़ के ग्राम पोडकी में खटिया चौपाल में जन संवाद किया। ग्रामीण जन, बैगा समुदाय के लोग, लाडली बहनें तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सेना के सदस्य, स्व–सहायता समूह की महिलायें, ग्रामीण पेशा मोबलाइजर, जन सेवा मित्रों तथा महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री के ग्राम पोड़की पहुँचने पर गर्म जोशी से ग्रामीणों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आदिवासी कलाकारों के साथ नृत्य किया। श्री चौहान ने लाड़ली बहनों एवं लाड़ली सेना के सदस्यों से बात करते हुए कहा कि लाडली बहना योजना बनाने के पीछे मंशा यह थी कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बने तथा वे अपनी छोटी मोटी जरूरतो की पूर्ति कर सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर महिला को आजीविका स्व–सहायता समूह से जोड़ने का अभियान चला रखा है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश के ऐसे टोल नाके जिनकी वार्षिक व्यवसाय दो करोड़ रुपये है संचालन की जिम्मेदारी सौपी जाएगी। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना का लाभ अब 21 वर्ष की विवाहित महिलाओं तथा ऐसे परिवार जिनके पास ट्रेक्टर है को भी मिल सकेगा। सभी महिलाएं सम्मान के साथ जिंदगी बिताये यही मेरा लक्ष्य है।

इस अवसर पर लाड़ली बहना सेना के सदस्यों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करे। प्रत्येक माह की 10 तारीख को महिलाओं के खाते में पैसे डाले जाएंगे। यह राशि आगे 3 हजार रुपये तक बढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम में लाडली बहना सेना की सदस्य सरिता सिंह,रुक्मणि बाई, लक्ष्मी बाई ने लाड़ली बहना योजना की राशि का उपयोग खेती के काम में,बच्चों की पढ़ाई, सिलाई मशीन खरीदकर सिलाई का काम शुरू करने के बात कही। स्व–सहायता समूह की ओर से लल्ली बाई श्याम ग्राम अमगवा ने बताया कि वह स्व सहायता समूह से कर्ज लेकर पहले किराना की दुकान, फिर मनिहारी की दुकान, फिर मुख्यमंत्री स्व रोजगार योजना का लाभ लेकर बुलेरो पिकअप खरीदी। अब 50 हजार की मासिक आय प्राप्त कर रही है। इसी तरह ग्राम हर्राटोला की ममता चंद्रवंशी ने कहा कि आजीविका मिशन ने जिन्दगी बदल दी है अब वह 20 हजार रुपये की मासिक आय प्राप्त कर रही है। सरस्वती पाटले बघरा ने बताया कि वह 45 हजार रुपये की मासिक आय प्राप्त कर रही है।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पेसा एक्ट आदिवासी भाइयों के जिंदगी बदलने का एक्ट है। इस एक्ट में जल, जंगल, जमीन का अधिकार ग्राम सभा को देकर गांव के लोगो को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम स्तर पर शांति विवाद निवारण समिति के माध्यम से छोटे मोटे आपसी झगड़ो का निराकरण स्थानीय स्तर पर ही करने, तेदुंपत्ता संग्रहण का कार्य ग्राम सभा के माध्यम से करके अधिक लाभ प्राप्त करने की बात कही।

## गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में दी जानकारी

# जम्मू-कश्मीर : 5 साल में हुए 761 आतंकी हमले

### 308 सुरक्षाकर्मी शहीद, 174 नागरिक मारे गए

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में आतंकवादी घटनाओं पर बड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश के भीतरी इलाकों में पांच आतंकवादी घटनाएं हुईं और तीन नागरिकों की मौत हुई है। इन घटनाओं में कोई सशस्त्र बल का सिपाही हताहत नहीं हुआ है और एक आतंकवादी मारा गया। साथ ही केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कोई आतंकी हमला नहीं हुआ। इसलिए, आतंकी हमलों में हताहतों का सवाल ही नहीं उठता। 2018 और 2022 के बीच पिछले पांच वर्षों में पूर्ववर्ती राज्य में 761 आतंकी हमलों में जम्मू–कश्मीर में कुल 174 नागरिक मारे गए। साथ ही इस दौरान 626 मुठभेड़ों में केंद्र शासित प्रदेश में 35 नागरिक मारे गए। इसी अवधि के दौरान मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या 308 रही और सुरक्षा बलों ने 1002 आतंकवादियों को मार गिराया।

### केंद्रीय सशस्त्र बलों में 84866 पद खाली

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सी एपीएफएस–बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और सीआईएसएफ) और असम राइफल्स (एआर) ने एक जनवरी 2023 तक 10,05,520 स्वीकृत पदों के मुकाबले अपने रैंक में कुल 84,866 रिक्तियां बताई हैं। अक्तूबर, 2022 से जुलाई, 2023 तक मिशन भर्ती के तहत अब तक 36,521 उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया है। आगे उन्होंने बताया कि देश में एनडीआरएफ को मजबूत करने के लिए, भारत सरकार ने एनडीआरएफ की चार अतिरिक्त बटालियनों की स्थापना को मंजूरी दी थी, जिससे एनडीआरएफ बटालियनों की संख्या 12 से बढ़कर 16 हो गई है।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर शिक्षा विभाग का बड़ा कदम

# आजादी के दिन सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां कीं रद्द

• **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** आजादी वाले दिन अर्थात 15 अगस्त को शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोहों में हाजिर होने के साथ ही अपने अपने कार्यालयों में होने वाले समारोहों में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। अर्थात आजादी के दिन उनकी छुट्टी कैंसिल कर दी गई है।

यही नहीं शिक्षा विभाग ने अध्यापकों, प्रोफेसरों, लेक्चरारों आदि को पूरे प्रदेश में अपने–अपने घरों पर तिरंगा फहरा कर फोटो सबमिट करने को भी कहा है। यही नहीं सरकारी कर्मियों को अपने सोशल मीडिया अकांउट पर भी तिरंगे के साथ डीपी लगाने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। इस बार के आजादी के पर्व को मेरी माटी, मेरा देश के तहत मनाने की मुहिम के तहत प्रदेश के सभी स्कूलों और कॉलेजों आदि को, सरकारी व प्राईवेट सभी को, सजाने के लिए कहा गया है। दूर दराज के कई स्कूलों में अन्य कार्यक्रमों के साथ ही प्रभात फेरियों का प्रोग्राम भी शुरू कर दिया गया है। सरकारी आदेशों की खास बात यह है कि स्कूलों में उस दिन करवाए जाने वाले समारोहों में निबंध प्रतियोगिताओं के लिए जो थीम तय की गई है उसमें सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को शामिल किया जाना अनिवार्य बनाया गया है। याद रहे इससे पहले सामान्य प्रशासनिक विभाग ने 15 अगस्त के दिन पूरे प्रदेश में होने वाले सभी सरकारी समारोहों में सभी सरकारी कर्मचारियों की अनुपस्थिति अनिवार्य बनाने का आदेश जारी करते हुएकहा था कि उस दिन छुट्टी पर जाने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को गैर हाजिर मानने के साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। अनुपस्थित रहने वालों के खिलाफ नियमों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके कर्मचारी, जम्मू–कश्मीर में मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह श्रीनगर के सोनावर में शेरी कश्मीर क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। वैसे स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर समारोह स्थलों पर सरकारी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य बनाए जाने संबंधी जारी सरकारी अध्यादेश कोई नया नहीं है। कश्मीर में आतंकवाद की शुरूआत के साथ ही यह विवाद आरंभ हुआ था जो आज भी जारी है। ऐसे आदेश को सख्ती से लागू करने का कार्य वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की सरकार के दौरान हुआ था जिन्होंने तब स्थानीय विधायकों को भी सख्त ताकिद की थी कि अगर उनके इलाके के सरकारी कर्मचारी अनुपस्थित हुए तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

## प्रधानमंत्री संत रविदास मंदिर निर्माण का भूमिपूजन एवं जनसभा को संबोधित करेंगे



**सागर, देशबन्धु।** जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 अगस्त के सागर आगमन और संत रविदास मंदिर निर्माण एवं कला संग्रहालय के भूमिपूजन तथा समरसता यात्रा के समापन के अवसर पर आयोजित जनसभा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि संत रविदास के मंदिर निर्माण के भूमिपूजन का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। मंदिर का निर्माण 100 करोड़ की लागत से किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्रीगण, सांसद, विधायक शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यक्रम में लगभग 1000 करोड़ रुपए की लागत के 47 कि.मी के मोरी कोरी विदिशा हिनौतिया पैकेज.1 फोरलेन तथा हिनौतिया मेलुआ पैकेज.2 टू लेन सड़कों का भूमिपूजन करेंगे। इससे मध्य भारत में बेहतर संपर्क के साथ-साथ पर्यटक हमारी विश्व धरोहर सांची के बौद्ध स्तूप, अशोक स्तंभ और उदयगिरि की चटटानों पर बनाए गए गुफा मंदिरों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। ढ़ाई हजार करोड़ की लागत से बने कोटा बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण भी करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्गो के लोगों की भागीदारी होगी। बैठक में कलेक्टर दीपक आर्य ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से निकली सामाजिक समरसता यात्राओं के सागर आगमन की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न 5 रूट की समरसता यात्राएं 9, 10 और 11 अगस्त को सागर पहुंच रही हैं। प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि समरसता यात्रा के अतिथियों, यात्रियों के जिले में ठहरने उनके आवास, भोजन, चाय, नाश्ता के उचित प्रबंध किये जाये। समीक्षा बैठक में मंत्री गोपाल भार्गव, मंत्री भूपेन्द्र सिंह, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक प्रदीप लारिया, शैलेन्द्र जैन, महेश राय, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, राजेन्द्र सिंह मोकलपुर, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, गौरव सिरोठिया, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, नगर निगम कमिश्नर चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, विनय द्विवेदी, समस्त एसडीएमए सिटी मजिस्ट्रेट राजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## लड़कियों ने दिखाया शौर्य, लेजम के साथ किया अखाड़ा



**सागर, देशबन्धु।** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतिम चरण में महाविद्यालय में 5 से 14 अगस्त तक एक श्रृंखला रूप में विविध आयोजन किए जा रहे हैं, जिसके अन्तर्गत प्रेरक कहानियां के अन्तर्गत गुमनाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विषय पर छात्राओं ने सेनानियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि हमें आजादी बड़ी मुश्किलों से प्राप्त हुई, कई ज्ञात अज्ञात सेनानियों ने बलिदान दिए, जिनमें से कुछ को हम जानते हैं और कुछ आज भी गुमनाम हैं, जिनके बारे में हम छात्राओं के माध्यम से जानेंगे। साथ ही इसी क्रम में अमित आठिया व आशीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्री सरस्वती लोक नृत्य, नाट्य कला मण्डल द्वारा बुन्देलखण्ड की शौर्य कला मार्शल-आर्ट अखाड़ा की प्रस्तुति की गई। डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा कि इन सभी आयोजनों की केन्द्र बिंदु छात्राएं हैं, हम तो केवल अवसर दे रहे हैं। सभी छात्राओं को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।

## सार-समाचार

### नोबल कॉलेज द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम



**मकरोनिया, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्रा इकाई के तत्वाधान में मेरी माटी, मेरा देश के अन्तर्गत बुद्ध वाटिका, गौरनगर मकरोनिया में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की संचालिका भावना देवलिया, प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार घारू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नीम, आँवला, बरगद, पीपल, अशोक आदि के औषधी, फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गये एवं उनकी देखरेख का संकल्प लिया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय से अरविंद रावल, डॉ. मनीषा श्रीवास्तव राहुल चौरसिया, पुष्पा रजक, रिचा दुबे, माया ठाकुर, सपना राजपूत, प्रिंसी पाठक एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक सम्पन्न



**सागर, देशबन्धु।** पेंशनर्स समाज जिला शाखा सागर की मासिक बैठक पेंशनर्स समाज के कार्यालय पुरानी कलेक्ट्रेट में हुई। बैठक की अध्यक्षता जेपी पाण्डेय द्वारा की गई। बैठक में पेंशनर्स के हित लाभ एवं अनेकों समस्याओं पर चर्चा की गई एवं पेंशनर्स की समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर उपस्थित सदस्य एवं पदाधिकारी प्रस्ताव पर सहमत हुए। शासन द्वारा 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के आदेश प्रसारित हुए। इस हेतु पेंशनर्स खुश हैं। यह मंहगाई भत्ता जुलाई 2023 से दिया जाना प्रस्तावित है जो पेंशनर्स को माह सितम्बर में एरियर्स सहित प्राप्त होगा। किन्तु यह भत्ता माह जुलाई 2022 से प्राप्त होना था। पेंशनर्स को अब 38 प्रतिशत महगाई भत्ता प्राप्त होगा जो प्रदेश के नियमित कर्मचारियों से 4 प्रतिशत कम रहेगा। अभी शासकीय कर्मचारियों को 4295 भत्ता प्राप्त हो रहा है। यह भत्ता भी पेंशनरों को जनवरी 2023 से मिलना चाहिए। पेंशनर्स को बिलम्ब से महगाई भत्ता मिलने का कारण मप्र सरकार पेंशनरों से भेदभाव करती हैं। इस कारण शासकीय पेंशनर्स में व्यापक असंतोष है। पेंशनर्स को नियमित कर्मचारियों की भांति ही भत्ता मिलना चाहिए एवं धारा 49(6) या अन्य जो भी उड़चनें हैं, तत्काल दूर करना चाहिए। मप्र पेंशनर्स समाज के निर्देशानुसार जिला शाखा माह सितम्बर 2023 में इस भेदभाव पूर्ण नीति व अन्य मांगों के संबंध में कमिश्नर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में संभागीय अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद तिवारी, जीएस छत्रसाल, आरएस बादल, प्रीतम मिश्रा, जीपी विश्वकर्मा, केके तिवारी, जीपी कोरी, पीएल सोनी सहित अनेक पेंशनर्स उपस्थित रहे।

### शुक्रवार को नर्मदेश्वर धाम मंदिर में गंगा जल से होगा शिव जलाभिषेक



**सागर, देशबन्धु।** प्रयागराज से 2 अगस्त को गंगा जल लेकर निकली कावड़ यात्रा बुधवार को पथरिया पहुंची। जहां स्थानीय भक्तों ने कावडियो का स्वागत किया और भोजन व रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई। आज कावड़ यात्रा पथरिया से शाहपुर पहुंचेगी जहां ग्राम बूढ़ाखेरा के लोगो द्वारा डीजे, बैंड बाजों और सीता राम कीर्तन के साथ कावड यात्रा की अगवानी की जायेगी। गुरुवार को कावड़ यात्रा शाहपुर, धवोली से होते हुए ग्राम बूढ़ाखेरा पहुंचेगी। जहां ग्रामीण लोगो द्वारा पुष्प वर्षा, तिलक लगाकर और कलश जलाकर कावड़ियो का स्वागत किया जायेगा। भंडारा प्रसादी वितरण के बाद कावड़ यात्रा का रात्रि विश्राम ग्राम बूढ़ाखेरा में होगा। शुक्रवार को कावड़ यात्रा सहावान, गडर, छापरी, कर्रापुर, बहेरिया, मकरोनिय से होते हुये नर्मदेश्वर धाम सिविल लाइन मंदिर पहुंचेंगी। कावड़ में प्रयागराज से पैदल चल कर लाए हुऐ गंगा जल से नर्मदेश्वर धाम में कावडिये शिव का जल अभिषेक करेंगे। प्रयागराज कावड़ यात्रा का यह तीसरा वर्ष है। नर्मदेश्वर धाम कावड़ यात्रा समिति के सदस्य शशांक पाण्डेय ने बताया कि कावड़ यात्रा प्रयागराज, चित्रकूट, सतना, मैहर, कटनी, रेपुरा, दमोह, पथरिया, ग्राम बूढ़ाखेरा से होते हुए 11 अगस्त को सागर पहुंचेगी।

## जीतेंगे बूथ और जीतेंगी भाजपा के संकल्प के साथ नीचे तक जाएं कार्यकर्ता: हितानंद



**सागर, देशबन्धु।** भारत में सांस्कृतिक अभ्युदय का दौर चल रहा है 2014 से भारत के आध्यात्मिक जगत में सांस्कृतिक उत्थान के नए युग की शुरुवात हुई हैं अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण, उज्जैन में महाकाल लोक निर्माण के साथ काशी, सोमनाथ, केदारनाथ का पुनरूदार हुआ इसी क्रम में सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप सागर में संत शिरोमणी रविदास मंदिर का भव्य निर्माण किया जा रहा हम सभी सौभाग्य साली है इस ऐतिहासिक मंदिर निर्माण के हम सभी साक्षी बनेंगे। यह बात भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भाजपा कार्यालय में बैठक को सम्बोधित करते हुए कहीं। हितानंद शर्मा ने कहा की भाजपा किसी एक परिवार विशेष का दल नहीं बल्कि एक कार्यकर्ता आधारित दल है, क्योंकि हमारे यहां कार्यकर्ता ही संगठन की जान और पहचान होती है। कार्यकर्ता जीतेंगे बूथ-जीतेंगी भाजपा के संकल्प के साथ नीचे जाएं और पार्टी के विजय अभियान में जुटें। जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुये कहा की हम सभी सागर वासियो के लिये गर्व एवं गौरव का विषय है कि हमारे शहर में संत रविदास का मंदिर बन रहा है और उसके भूमि पूजन के लिये प्रधानमंत्री आ रहे है। विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा के स्वरूप हम सभी बहुत भाग्यशाली है कि हम अपने सामने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देख रहे है, भाजपा की सरकार ने कैदारनाथ कॉरीडोर, काशी विश्वनाथ कॉरीडोर एवं महाकाल लोक जैसे कई धार्मिक मंदिरों को एक नया और भव्य स्वरूप देने का कार्य किया। इसी तारतम्य में 12 अगस्त को संत रविदास के विश्व में सबसे बड़े मंदिर का भूमिपूजन प्रधानमंत्री द्वारा किया जाना है। प्रभारी मंत्री अरविंद भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जिस तरह आधारभूत विकास के रूप में सड़के निर्माण, शैक्षणिक संस्थाओं की प्रगति, मेडीकल कॉलेजो का निर्माण, देश की सुरक्षा आदि विकास कार्यो से देश को एक नयी ऊंचाईयों पर पहुंचाया है, उसी श्रृंखला में मोदी जी की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं बहुआयामी विकास की सोच ने देश के मंदिरों को भव्य स्वरूप प्रदान किया जिसमें सागर में बनने वाला संत रविदास का मंदिर देश में एक नई इबारत लिखेगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री श्याम तिवारी ने किया एवं आभार अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेन्द्र अहिरवार ने व्यक्त किया। बैठक में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## सेवादल ने विश्व आदिवासी दिवस मूल निवासियों के बीच पहुंच कर मनाया



**सागर, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस पर कांग्रेस सेवादल परिवार आदिवासियों के बीच पहुंचकर उनका सम्मान कर इस दिवस को मनाया। सेवादल ने आदिवासी पुरूषों को माला पहनाकर शाल उड़ाकर उनका सम्मान किया। बच्चों को टाफियां बांटी। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने पांचवी अनुसूची के प्रावधानों को लागू करने, पैसा कानून लागू करने, आदिवासियों को बांटना बंद करने एवं भूमि अधिग्रहण संशोधन कानून को अविलंब वापस लेने की मांग के बारे में जागरूक किया और प्रदेश में आदिवासी भाई बहनों पर भाजपा सरकार में हो रहे अत्याचार और शोषण पर उन्होंने अपनी चिंता भी व्यक्त की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुल पुरोहित ने कहा कि कला, जीवन शैली, वेशभूषा और सांस्कृतिक विविधताओं को अपने में संजोकर जल, जमीन, जंगल के संरक्षण में सदैव तल्लीन रहने वाले आदिवासी भाई बहनों के बीच पहुंच कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और राहुल गांधी का कहना है आदिवासी ही इस देश के मालिक हैं। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने किया। कार्यक्रम में नितिन पचौरी, आनंद हैला, लल्ला यादव, लखन गौड़, इंदर सिंह आदिवासी, हेमसिंह गौड़, भजन सिंह गौड़, मुरली गौड़ आदि उपस्थित रहे।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री के स्टाफ से ठगी करने वाला गिरफ्तार

**सागर, देशबन्धु।** पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव के स्टाफको झूठी कहानी सुनाकर सहायता राशि लेकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में उपयोग मोबाइल भी जब्त किया है। मामले में पुलिस आरोपी के अकाउंट व अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी मंत्री के स्टाफ को आरोपी ने फोन लगाया था। जिसमें उसने मदद की गुहार लगाई थी। आरोपी ने फोन पर अपना नाम कमलेश अहिरवार निवासी चुहरा बताते हुए कहा था कि गिरीराज परिक्रमा पर सुशीलाबाई साहू निवासी चुहरा उम्र 65 साल गई थी। जिनकी हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई है। उनके दाह संस्कार व 6 लोगों को वापस लाने के लिए पैसे नहीं है। मंत्री के स्टाफ से मदद के रूप में सहायता राशि मांगी। मामला संज्ञान में आते ही पीडब्ल्यूडी मंत्री के स्टाफ ने तत्काल मानवीय आधार पर उक्त व्यक्ति द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर फोन.पे के माध्यम से 10 हजार रुपए की सहायता राशि भेज दी। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री भार्गव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर उक्त घटनाक्रम का जिक्र करते एक पोस्ट डाली थी। यह पोस्ट वायरल हुई तो एक युवक ने उक्त पोस्ट को झूठा बताते हुए कहा था कि हमारे गांव में इस नाम की महिला नहीं रहती है। मामला सामने आते ही मंत्री का स्टाफ सक्रिय हुआ और घटनाक्रम की शिकायत गढ़ाकोटा पुलिस थाने में की। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। गढ़ाकोटा थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि पुलिस ने जांच करते हुए धोखाधड़ी के आरोपी वीरसिंग पुत्र गोपाल गौंड़ को गिरफ्तार कर लिया है। उसने फर्जी कहानी सुनाकर मंत्री के स्टाफ से सहायता के नाम पर 10 हजार रुपए की ठगी की थी। आरोपी के कब्जे से मोबाइल जब्त किया है। वहीं जिस बैंक खाते में रुपए ट्रांसफर कराए गए थे, उसकी जांच की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया।

## कांग्रेस सदैव आदिवासी वर्ग के साथ रही है और रहेगी: आनंद अहिरवार



**सागर, देशबन्धु।** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद अहिरवार ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के कार्यालय से साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा का शुभारंभ मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सीपी मित्तल और सह प्रभारी मप्र कांग्रेस कमेटी लोकमन कुशवाहा द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा को प्रारंभ किया जो तिली तिगड्डा होते हुए बस स्टैंड पहुंची। जहां कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक श्रीवास्तव द्वारा रैली का स्वागत किया गया। उसके बाद यात्रा तीनबत्ती पहुंची जहां पर रैली के आयोजक आनंद अहिरवार ने गौर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया माल्यार्पण कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी भी उपस्थित थे। जामा मस्जिद कटरा होते हुए भगवानगंज पहुंची जहां पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कांग्रेस जनों ने माल्यार्पण किया उसके बाद यात्रा थाना मोतीनगर, धर्मश्री, कनेरा देव में साइकिल रैली का समापन किया। इस अवसर पर अशोक श्रीवास्तव, सुनील जैन, मुकुल पुरोहित, पप्पू गुप्ता, रामजी दुबे, पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, दीनदयाल तिवारी, देवेंद्र तोमर आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

## डॉ. गौर को भारत रत्न प्रदान करने सौपेगे ज्ञापन: डॉ. विवेक तिवारी

**सागर, देशबन्धु।** गौर यूथ फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विवेक तिवारी ने कहा कि आगामी 12 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सागर आगमन पर फोरम की विश्वविद्यालय इकाई के द्वारा डॉ. गौर को भारत रत्न प्रदान करने के संबंध में एक ज्ञापन प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा उन तक पहुंचाया जाएगा। डॉ. गौर को भारत रत्न देने संबंधी मांग यहां के जनमानस और सम्मान से जुड़ी है और वर्षों से विभिन्न संगठन, व्यक्ति, अनेकों राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी इस मांग को समय-समय पर उठाते रहे हैं। गौर यूथ फोरम ने इस संबध में एक बैठक कर तय किया कि स्थानीय कैबिनेट मंत्रियों के द्वारा भी इस मांग को प्रधानमंत्री तक पहुंचाया जायेगा। गौर यूथ फोरम की इकाई ने पिछले वर्ष फरवरी माह में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को सारे दस्तावेजों के साथ इस महान व्यक्तित्व, दानवीर, शिक्षाविद, विधिवेत्ता के देश और समाज में योगदान के महत्व को बताते हुये यह सम्मान उन्हें देने की सार्थकता को स्पष्ट करते हुये भेजे थे साथ ही हाकी के जादूगर महान खिलाड़ी ध्यानचंद को भी यह सम्मान देने की बात कही गई थी। विधायक शैलेन्द्र जैन और सांसद राजबहादुर सिंह के द्वारा भी इस मांग को उन तक पहुंचाया जाएगा। ज्ञात हो कि फोरम के कार्यकर्ता समय-समय पर विभिन्न मंचों से इस मांग को पूर्ण कराने हेतु आवाज उठाते रहे हैं।

## विश्व आदिवासी दिवस को हर्सोल्लास पूर्वक मनाया

**सागर, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शिवरी माता अनुसूचित जन जाति उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रिछोडा में आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी के मुख्यातिथ्य में समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता शिवरी, विरसा मुंडा, महाराज शंकर शाह के चित्रों पर माल्यर्पण कर की गई। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, बद्री प्रसाद यादव, कार्यक्रम के आयोजक जनपद सदस्य हल्लू भाई आदिवासी आदि ने आदिवासी समुदाय के वरिष्ठजनों का शॉल श्रीफल व फूल मालाओं से सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन अशरफ खान ने किया तथा आभार कोमल सिंह ने माना।

## केसरिया रॉयल राजपूताना द्वारा सावन उत्सव का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** केसरिया रॉयल राजपूताना द्वारा सावन उत्सव का आयोजन हुआ, सभी ने अपनी पारंपरिक राजपूताना पोशाक पहनकर दीप प्रज्वलन कर राधा कृष्ण के आराधना की काव्या सिंह राजपूत द्वारा सुंदर भजन की प्रस्तुत किया। पारंपरिक घूमर नृत्य कर उत्सव मनाया गया। सावन प्रत्येक स्वरूप श्रृंगार सामग्री हरि चूड़ियां, बिंदी बांटी गई, अनीता सिंह राजपूत द्वारा तलवार रास प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति सिंह, ऋतु सिंह द्वारा एवं संयोजन अंशु सिंह द्वारा हुआ। कार्यक्रम में अंकिता गौर, निरुपमा गौर, नीना वैस, ऋतु बघेल, प्रतिमा बघेल, संगीता सिंह आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## निगमायुक्त ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश



**सागर, देशबन्धु।** 12 अगस्त को सागर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों में नगर निगम को सौपें गए दायित्व के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समस्त कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अधिकारी कर्मचारियों की व्यवस्था हेतु ड्यूटी लगाई गई है वह आवश्यक रूप से अपने-अपने परिचय पत्र बनवा लें और साथ में विभाग का भी परिचय पत्र रखें। समय पूर्व अपने कार्य पर आवश्यक रूप से पहुंच जाएं और अपने प्रभारी के संपर्क में रहे। इसके अलावा जिन अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं लगी है वह अपना मोबाइल हमेशा चालू रखें ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क हो सके।

## युवा कांग्रेस ने युवा कांग्रेस के 63 स्थापना दिवस किया ध्वजारोहण



**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के 63 स्थापना दिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे की अध्यक्षता एवं शहर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में झंडा वंदन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित मांडले, नीलेश अहिरवार, अमित रावत, तरुण कोरी, शुभम सोनी, अभिषेक तिवारी आदि सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवती ने तालाब में लगाई छलांग

**खुरई, देशबन्धु।** शिवाजी वार्ड स्थित बड़े तालाब में मंदिर घाट पर बुधवार की सुबह करीब 6.30 बजे एक 19 वर्षीय युवती आत्महत्या करने की कोशिश से तालाब में कूद गई। जिसे देखकर आसपास के लोगों ने उसे बचाया और तालाब से बाहर निकलकर 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के मुताबिक डोली पिता गोपीलाल अहिरवार 19 निवासी संत रविदास वार्ड खुरई ने आत्महत्या करने की नियत से बड़े तालाब में छलांग लगा दी। वहां आसपास खड़े लोगों ने तत्काल तालाब में कूद कर युवती को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाला और तत्काल इसकी जानकारी पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। इसके बाद 108 एंबुलेंस के पायलट सूर्यकांत गौतम और डॉ. पुरुषोत्तम पाल मौके पर पहुंचे और युवती को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने भी अस्पताल पहुंचकर युवती से तालाब में कूदने का कारण पूछा लेकिन युवती कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को भी दी। युवती के परिजन भी अस्पताल पहुंचे तो उनका कहना था कि हम लोग सभी सो रहे थे लड़की कब घर से निकल गई, पता नहीं है और उसने यह कदम क्यों उठाया यह भी पता नहीं है। फिलहाल युवती का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# सुरखी विधानसभा के हर एक परिवार के सुख-दुख में आपके साथ खड़ा हूं: गोविंद सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक समरसता के तहत पूरी विधानसभा में निवासरत समाजों का सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सुरखी विधानसभा की नामदेव, चौरसिया, रैकवार, प्रजापति और विश्वकर्मा समाज का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जहां समारोह में उपस्थित समाजजनों ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को विजयी आशीर्वाद देते हुए भारी मतों से आगामी विधानसभा चुनाव जिताने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि अक्सर लोग बड़ी समाजों को महत्व देते हैं, लेकिन मैं और मेरा पूरा परिवार किसी भी समाज के साथ भेदभाव ने करते हुए कम संख्या वाली समाज के लिए भी समर्पित है। आज सभी पूज्यनीय है, भगवान हैं। आपका सम्मान करते हुए मुझे काफी हर्ष हो रहा है कि आप सभी इतनी बड़ी संख्या में मेरे और मेरे परिवार के बुलावे पर उपस्थित हुए। मैं आपके हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा हूं। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि रिश्तेदार वही जो रिश्ता निभाएं।

जब हम कांग्रेस में थे तो गरीबी रेखा में एक भी नाम नहीं जोड़ पाए, लेकिन भाजपा में आते ही 25 हजार लोग जो गरीब रेखा में होने के बाद भी शासन की योजनाओं से वंचित थे, उन्हें लाभ दिलाया। आज क्षेत्र में विधवा पेंशन, नि:शुल्क राशन, दवाईयां, किसान सम्मान निधि जैसी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे क्षेत्रवासियों को मिल रहा है। हाल में ही दो बच्चों की मौत कुएं में गिरने से हुई थी। तुरंत ही राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने उनके परिजनों को आर्थिक सहायता दी थी। इतना ही नहीं 4-4 लाख रुपए की राशि भी स्वीकृत कराई गई।

## सार समाचार

### बैहा के खोड़ा के सड़क की हालत खराब



**लवकुशनगर, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्रो को शहर से जोड़ने के लिये केन्द्र सरकार से लेकर राज्य सरकारे काम कर रही है। लेकिन जनपद पंचायत के अधियारीबारी पंचायत के बैहा के खोड़ा गाँव में सड़क डालना ही भूल गये। चंदला बिधान सभा के ग्राम पंचायत अधियारीबारी पंचायत के अर्न्तगत बैहा के खोड़ा के ग्रामीण सड़क न होने से खासे परेशान है। बैहा के खोड़ा के मुड़ेरी, अधियारीबारी से बैहा के खोड़ा जाने के लिये 3 किलोमीटर है। 3 किलोमीटर में अब तक सड़क नही डल पाई जिसके कारण बरसात में ग्रामीणो का आवागवन बाधित हो जाता है।

बैहा के खोड़ा में 3 किलोमीटर बरसात के समय में मिट्टी होने के कारण सड़क पूरी तरह दलदल में तब्दील हो जाती है। जिसके कारण गाँव के स्कूली बच्चे पढ़ने तक नही जा पा रहे है। जबकि आपको बतादे कि चंदला बिधायक के गृह ग्राम से महज 5 किलोमीटर की दूरी में गाँव स्थित है। बिधायक का नजदीकी गाँव होते हुये भी यहाँ आज तक सड़क का निर्माण नही हो सका है। जबकि वर्तमान विधायक के पिता भी विधायक रह चुके है ।

**दो पहिया चार पहिया वाहनो का निकलना मुश्किल:** सड़क पूरी तरह दलदल और कीचड़ होने के कारण दो पहिया, चार पहिया वाहनो का निकलना बहुत मुश्किल होता है। आये दिन चार पहिया वाहन फसे रहते है। बैहा का खोड़ा निवासी काशीराम यादव, मुकेश अनुरागी ने बताया कि गाँव के किसी महिला को प्रसव या कोई बीमार होता है तो एंबूलेंस तक नही आ पाती है। एंबूलेंस सड़क में फस जाती है जिसके कारण आवागवन में निकलने में खासी असुविधा होती है।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया अभिषेक

**छतरपुर, देशबन्धु।** हिंदू उत्सव समिति की ओर से सावन के प्रत्येक सोमवार को आयोजित किए जाने वाले पार्थिव शिवलिंग निर्माण उत्सव के अवसर पर इस सोमवार सरानी दरवाजा के पास भट्ट के कुआं की तरफ बनाये त्रिनेत्र शिवालय में भक्ति भाव के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण उत्सव आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक करने के बाद यहां उपस्थित समुदाय ने भगवान भोलेनाथ का भाव के साथ विसर्जन किया।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान रहे व्यापारी ने हाल ही में त्रिनेत्र शिवालय का नवनिर्माण करवाया था उसी पावन परिपेक्ष्य में क्षेत्रभर के लोगो को पुण्यलाभ अर्जित कर सेवा का अवसर प्रदान किया जो किन्हीं कारणों से ऐसे बड़े आयोजनों से नहीं जुड़ पाते। सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। रुद्राभिषेक पूजन हवन आचार्य पं. राजकुमार अवस्थी एवं पं सुरेन्द्र कौशिक ने सम्पन्न करवाया। मंदिर के आसपास प्रमुखता से कुशवाहा, रैकवार एवं प्रजापति समाज सहित अन्य समाज के लोग रहते हैं, उन्होंने उत्साह के साथ भगवान पार्थिवेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की। भगवान भोलेनाथ का अभिषेक और विसर्जन के बाद विशाल भंडारा रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में धर्म प्रेमियों ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## कलेक्टर ने मतदान केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

# 1 अक्टूबर को 18 साल के हो रहे युवा वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाएं

- ग्रामीणों के समक्ष किया मतदाता सूची का वाचन
- दहशत फैलाने और दबाव बनाने वाले जाएंगे जेल
- बीएलओ ठीक से करें मतदाता सूची का वाचन



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने 31 अगस्त तक द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत बुधवार को राजनगर ब्लॉक के ग्राम पाय में मतदान केन्द्र का औचक निरीक्षण कर ग्रामीणों के समक्ष मतदाता सूची का वाचन किया और 17 साल के युवा जो 1 अक्टूबर को 18 साल के हो रहे हैं उनके वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म भरने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम जी.एस. पटेल, जनपद सीईओ उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. ने ग्राम पाय मतदान केन्द्र का औचक निरीक्षण में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़े होने की जानकारी ली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी वोटर लिस्ट का वाचन कर मतदाताओं से नाम जुड़ने की पुष्टि की और जिनके नाम बांकी रह गए हैं उनके नाम बीएलओ को तत्काल जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार के मतदान केन्द्र अलग-अलग न रहें, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर ने वल्नरेबिलिटी में ग्रामीणों से पूछा की कोई व्यक्ति गुण्डा दहशत तो नहीं फैलाता और किसी पर कोई दबाव तो नहीं बनाया जा रहा। उन्होंने आरओ को निर्देश दिए कि गांव में कैम्प लगाएं और समस्याओं को सुनकर निदान करें ताकि वोटिंग प्रतिशत बढ़े और भयमुक्त मतदान हो। उन्होंने कहा कोई दहशत का वातावरण निर्मित करें तो तत्काल सूचित करें, उस पर जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी। अगर किसी का नाम गलत जुड़ा है या और कोई समस्या है तो दाबा आपत्ति प्रस्तुत करें।

**नाम जुड़वाने में समस्या आए तो 1950 डायल करें :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जिनके नाम मतदाता सूची में अभी भी नाम छूटे हैं वह तुरंत जुड़वाएं।

उन्होंने आरओ को निर्देशित किया कि जेन्डर रेशियो का प्रतिशत ज्यादा रहे और एक भी पात्र मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में न छूटे। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन भी पोर्टल पर स्वयं वोटर लिस्ट में नाम जोड़ और सुधार कर सकते है। साथ ही अगर किसी मतदाता को वोटर लिस्ट से संबंधित कोई समस्या आए तो 1950 पर कॉल कर सकतें है।

# 5 दुकानों के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों की संपत्ति पार की



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में एक बार फिर से चोरों को आतंक बढने लगा है। पिछले दिनों जहां सिविल लाइन थान क्षेत्र में चोरी की वारदात हुई थी, वहीं मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने बस स्टैंड पर स्थित 5 दुकानों के ताले तोड़कर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ किया है। लगातार हो रही चोरियों से आम जनता के साथ-साथ व्यापारी भी भयभीत हैं। चोरी की जानकारी लगने के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर विवेचना शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात शहर के बस स्टैण्ड क्रमांक-2 पर राकेश समोसा के सामने दूसरी मंजिल पर स्थित 5 दुकानों के अज्ञात चोरों ने ताले तोड़े हैं। दुकानदारों को सुबह के वक्त जैसे ही चोरी की सूचना मिली जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच -पड़ताल शुरू कर दी है। मनिहार यूनियन के संरक्षक राजू पटवा ने बताया कि यूनियन के 5 सदस्यों की दुकानों के ताले तोड़कर लगभग लाखों की सामग्री चोरी की गई है। उन्होंने कहा कि बस स्टैण्ड जैसे व्यस्ततम क्षेत्र में भी जब चोरियां हो रही हैं तो अन्य इलाकों में आसानी से चोरी की जा सकती है। स्पष्ट है कि चोरों में पुलिस का खौफ नहीं है। एक दुकानदार पुष्पेन्द्र कुमार के मुताबिक उसकी दुकान से लगभग दो लाख रूपए की सामग्री चोरी हुई है, जिसमें आर्टिफिशियल की सामग्री, 50 से 60 किलो गिलट की पायलें तथा तीन हजार रूपए की नगदी शामिल है। चोर दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे को तोड़ गए हैं। फिलहाल पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद मामले की जांच कर जल्द खुलासा करने की बात कही है।

## जिले की पंचायतों एवं नगर पंचायतों में हुआ पौधरोपण

# 30 अगस्त तक चलेगा अभियान



**छतरपुर, देशबन्धु।** मेरी माटी मेरा देश अभियान का बुधवार 9 अगस्त क्रांति दिवस पर कलेक्टर संदीप जी.आर. ने छतरपुर शहर स्थित पुलिस लाइन स्मारक स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन करते हुए वसुधा वाटिका में फलदार पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान तीन चरण में चलेगा। पहला चरण 15 अगस्त तक चलेगा। जिसके तहत पूरे जिले की पंचायतों और नगर पंचायतों में पौधरोपण किया गया।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने वीरों के वंदन में कर्तव्य पर रहते हुए शहीद हुए स्थानीय वीरों, उनके परिवारों का स्मरण कर उन्हे सम्मानित किया। साथ ही स्वतंत्रता सेनानी राजाराम सिंह, कोरोना वॉरियर्स चिकित्सकों, डायल 100 के 14 पायलटों एवं 108 के स्वास्थ्य कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। अंत में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान एएसपी विक्रम सिंह, नेहरू युवा केन्द्र के अरविंद कोष्टा, शंकर लाल सोनी, दमयंती पाणी, संतोष गंगेले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

एक-एक दिन, समय का प्रत्येक क्षण, जीवन का प्रत्येक कण, मातृभूमि के लिए जीना और तभी आजादी के दीवानों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं जिलेवासियों से कार्यक्रमों में सहभागिता निभाने की अपील की गई है।

### सिलापट्टिका का हुआ लोकार्पण

**खजुराहो, देशबन्धु।** खजुराहो नगर परिषद की पाहिल वाटिका परिसर में मेरी माटी मेरा देश अभियान का बुधवार 9 अगस्त क्रांति दिवस पर अध्यक्ष-अरुण अवस्थी तथा सी.एम.ओ.बसंत चतुर्वेदी द्वारा शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत के प्रथम दिवस शिलापट्टिका का अनावरण किया गया, इस मौके पर उपयंत्री-विद्यासागर मिश्रा, कल्याण सिंह, आदित्य सिंह, शेलेन्द्र जैन, पार्षद प्रतिनिधि-रामअवतार चौबे, गौरव सिंह बघेल, दुर्गा पटेल, रवि नायक, गोपी मिश्रा, नीलेश अवस्थी, बृजगोपाल अवस्थी सहित गणमान्य नागरिक तथा नगर परिषद स्टाफ के कर्मचारी शामिल हुए, दूसरे दिवस पाहिल वाटिका में फलदार पौधरोपण किया जाएगा, यह अभियान तीन चरण में चलेगा। पहला चरण 15 अगस्त तक चलेगा, सी.एम.ओ.बसंत चतुर्वेदी ने कहा कि वीरों के वंदन में कर्तव्य पर रहते हुए शहीद हुए स्थानीय वीरों, उनके परिवारों का स्मरण कर उन्हे सम्मानित किया जाएगा।



# ससुर का आरोप, दामाद ने पेट्रोल डालकर लगाई आग



**बकस्वाहा, देशबन्धु।** बुधवार की दोपहर थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा निवासी एक अधेड़ युवक को गंभीर हालत में बकस्वाहा अस्पताल लाया गया था, जहां मीडिया को बयान देते हुए अधेड़ ने कहा कि उसके दामाद ने अपने साथियों के साथ उस पर पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया गया है। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे दमोह रिफर कर दिया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

घोघरा निवासी पहलवान पुत्र महाराज लोधी उम्र 45 वर्ष ने बताया कि उसकी बेटी का विवाह गढ़ीसेमरा हुआ था। बुधवार को वह अपनी बेटी की ससुराल गया था जहां पर उसके दामाद अखिलेश लोधी ने अपने साथी छुट्टन लोधी, अंतु लोधी सहित एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर उस पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। घायल पहलवान के बयान पर पुलिस ने मामले की बारीकी से विवेचना शुरू कर दी है। बकस्वाहा अस्पताल में डॉ. मानसी काले द्वारा पहलवान लोधी का प्राथमिक उपचार किया गया और इसके बाद उसकी गंभीर हालत के मद्देनजर तत्काल उसे दमोह रिफर कर दिया गया।

**दामाद बोला- ससुर ने पहले कहीं अनर्गल बातें, फिर स्वयं लगाई आग त्न** वहीं इस मामले में पहलवान लोधी के दामाद अखिलेश लोधी का कहना है कि सुबह करीब 9 बजे घर पर सिर्फ महिलाएं थीं, तभी उसका ससुर पहलवान लोधी नशे की हालत में वहां पहुंचा और घर के समने खड़े होकर अनर्गल बातें कहना लगा। इसके बाद पहलवान लोधी ने स्वयं के साथ लाई गई पेट्रोल की बोतल से स्वयं के ऊपर पेट्रोल छिडक़कर आग लगा ली। उक्त घटनाक्रम के साक्षी गांव के कई लोग हैं। अखिलेश के मुताबिक उसकी पत्नी यानि की पहलवान लोधी की बेटी का चरित्र ठीक नहीं है जिसके चलते वह पत्नी को अपने साथ नहीं रख रहा है।

इसी बात को लेकर पहलवान लोधी ने पहले हंगामा किय और इसके बाद स्वयं अपने आपको आग लगा ली। घटना से उसका कोई लेना-देना नहीं है, उसे तथा उसके परिवार को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।

### इनका कहना है

बकस्वाहा थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा निवासी एक व्यक्ति के आग में झुलसने की घटना सामने आई है। घायल का आरोप है कि उसके दामाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे आग लगाई है। घायल के बयान लेकर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। घायल का दमोह जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

**विक्रम सिंह,** एएसपी, छतरपुर

# स्वनिधि योजना से लाभान्वित करने वार्डो में लगाए शिविर



**छतरपर, देशबन्धु।** शासन से प्राप्त निर्देशानुसार पीएम स्वनिधि योजना से शत-प्रतिशत पथ-विक्रेताओं को लाभान्वित करने हेतु शहर मे निवास कर रहे छूटे हुए पथ विक्रेताओं के नवीन पंजीयन करने और पूर्व से पंजीकृत पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि से लाभान्वित करने हेतु नगर पालिका छतरपुर द्वारा 8 से 25 अगस्त तक वार्डवार शिवरों का आयोजन किया जाना है।

नपाध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया एवं सीएमओ मैडम माधुरी शर्मा के निर्देशन में शहर के सभी 40 वार्डो के निवासरत पथ विक्रेताओं को इस योजना से लाभान्वित करने छुट्टी के दिनों को छोड़कर प्रतिदिन शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित स्वनिधि दिवस में बैंक में लंबित प्रकरणो के हितग्राहियों को बुलाकर ऋण वितरण कराया जा रहा है।

कार्यक्रम नोडल सिटी मिशन मैनेजर सीपी गुप्ता ने बताया कि, 8 अगस्त को अमर मंडपम के पास आंगनवाड़ी केंद्र में शिविर लगाया गया। दूसरे दिन कुरयाना स्कूल के पास स्थित आगंनवाडी केंद्र में शिविर लगाया गया, 10 अगस्त को विश्वनाथ कॉलोनी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र के पास शंकर जी के मंदिर के पास, 11 अगस्त को वाईपास रोड स्थित समाज भवन में, 14 अगस्त बेनीगंज स्कूल संकट मोचन तिराहा में, 16 अगस्त को रामचरित मानस मैदान में, 17 अगस्त को आजाद चौक स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में, 18 अगस्त का आंगनवाड़ी केंद्र तीन बंदर तिराहा के पास, 21 अगस्त आंगनवाडी केंद मानसरोवर स्कूल के पास, 22 अगस्त आंगनवाड़ी केंद्र टीवी टावर के पास देरी रोड में, 23 अगस्त आंगनवाडी केंद्र देशराज पटेरिया के घर के आगे, 24 अगस्त को आंगनवाड़ी केंद्र छन्नूलाल की दुकान के सामने, 25 अगस्त आंगनवाडी केंद्र श्रीवास्तव नर्सिंग होम के पीछे, 28 अगस्त आंगनवाड़ी बड़ी कुंजरेटी में शिवर आयोजित किए जाएंगे। शहर के सभी छूटे हुए पथ विक्रेता नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत पथ विक्रेता योजना का लाभ लेने के लिए अपने क्षेत्र में आयोजित शिविर में पहुंचकर इसका लाभ ले सकते है। इसके अलावा नगर पालिका कार्यालय में भी पथ विक्रेता अपना पंजीयन करा सकते है।

# आदिवासी अपनी संस्कृति और सभ्यता को संजोए हैं : कुलपति




**छतरपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. अनिल कुमार धगट जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना से किया गया। कुलपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी लोगों को अपना अस्तित्व, संस्कृति और सम्मान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस जनजाति को संरक्षण और बढ़ावा देने, इनकी संस्कृति व सम्मान को बचाने के लिए आदिवासी दिवस मनाया जाता है। आज भी आदिवासी अपनी संस्कृति और सभ्यता को संजोय हुए हैं। यह हमारे समाज का ही एक अभिन्न अंग है और हमें उनसे मिलकर अपने समाज को आगे बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम की संयोजक समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. नीना चौरसिया ने कहा कि आदिवासी समाज ने किस तरह हमारी आजादी में हमारा योगदान दिया और समाज को विकसित होने में योगदान दिया हमें भी उनकी समस्याओं को समझ कर उनको दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

सहायक प्राध्यापक ऋचा पाठक ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस मनाने का उद्देश्य है विश्व भर की आदिवासी जातियों में जागरूकता फैलाने और उनके अधिकारों के संरक्षण को प्रेरित करना है। उन्होने आदिवासी समाज की वेशभूषा पर भी प्रकाश डाला ।व्याख्यान माला का संचालन सह प्राध्यापक शिक्षाशास्त्र विभाग डॉ.शिव विजय त्रिपाठी ने किया एवम् आभार श्रीमती रजनी गुप्ता सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र विभाग ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में डॉ.राममिलन द्विवेदी, श्रीमती सत्यवती चौरसिया, गुंजन निगम, पुष्पेंद्र अहिरवार, भुमानी बाई अहिरवार ,खुशबू चौहान, रोहित बिंदुआ आदि सहायक प्राध्यापक के अतिरिक्त विभाग के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर महिला अधिवेशन आयोजित होगा



**खजुराहो, देशबन्धु।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र स्वर्णोदय तीर्थ खजुराहो में आर्यिकाश्री तपोमति माताजी एवं आर्यिकाश्री गुणमति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में आगमी स्वतंत्रता दिवस पर महिला अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमंत सेठ विनोद रंजना जैन बिलासपुर होंगी जबकि अध्यक्षता श्रीमति हीरामणि जैन भोपाल करेंगी। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमति साधना जैन भोपाल, श्रीमति अलका जैन इंदौर, श्रीमति संध्या जैन जबलपुर, श्रीमति शिल्पी जैन, डॉ राजुल जैन सागर, श्रीमति कविता सिंह पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खजुराहो, विद्या दीदी, निर्जरा दीदी ब्रह्मकुमारी आश्रम, श्रीमति मयंका गौतम भाजपा नेत्री, डॉ. कविता सिंह बुंदेला, श्रीमति निधि सिंह अध्यक्ष युवा महिला कर्तव्य सेवा संगठन, श्रीमति किरन सिंह चंदेल भाजपा महिला मोर्चा प्रभारी शामिल होंगी। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सुबह पौने 7 बजे अभिषेक, शांतिधारा शान्ति विधान, सुबह 9 बजे ध्वजारोहण के बाद दोपहर 2 बजे महिला अधिवेशन की शुरुआत होगी।

**ZUARI FARMHUB LTD.**
Regd. Office: Jai Kisaan Bhawan, Zuarinagar, Goa - 403726, INDIA

**उर्वरकों के पानी में 100% घुलनशील मिश्रण के भंडारण और बिक्री के लिए सूचना**

FarmHUB

हमें आप सभी को यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा दिनांक 24 अक्टूबर 2015 को जारी किए गए आदेश संख्या 2900 (ई) के संदर्भ को ध्यान में रखते हुए एवं उसमें हुए संशोधन के पश्चात, जुआरी फार्महब लिमिटेड (जेडएफएल) मध्य प्रदेश में नीचे दिए गए उर्वरकों के पानी में 100% घुलनशील मिश्रण के भंडारण और उसकी बिक्री प्रारंभ करेगा।

| | Grades | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Specification / Composition | NPKS with Micronutrients 15:10:15:05 | NPKS with Micronutrients 12:08:24:03 | NPKS with Micronutrients 05:05:44:7.0 | NPKS with Micronutrients 00:20:40:8.0 | NPK with Micronutrients 05:25:35 | NPK 15:10:15 | NPK 12:08:24 | NPK 05:05:44 | NPK 00:20:40 | NPK 05:25:35 | NPK 15:15:15 | NPK 05:25:15 | NPK 06:12:36 | NPK 28:28:0 | NPK 14:14:14 |
| 1 | Moisture per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 2 | Total Nitrogen per cent by weight, minimum | 15.0 | 12.0 | 5.0 | - | 5.0 | 15.0 | 12.0 | 5.0 | - | 5.0 | 15.0 | 5.0 | 6.0 | 28.0 | 14.0 |
| 3 | Water soluble Phosphorous(as P2O5) per cent by weight, minimum | 10.0 | 8.0 | 5.0 | 20.0 | 25.0 | 10.0 | 8.0 | 5.0 | 20.0 | 25.0 | 15.0 | 25.0 | 12.0 | 28.0 | 14.0 |
| 4 | Water soluble Potassium(as K2O) per cent by weight, minimum | 15.0 | 24.0 | 44.0 | 40.0 | 35.0 | 15.0 | 24.0 | 44.0 | 40.0 | 35.0 | 15.0 | 15.0 | 36.0 | - | 14.0 |
| 5 | Sodium(as Nacl) per cent by weight on dry basis, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 6 | Matter insoluble in water per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 7 | Sulphur (as S) per cent by weight, minimum | 5.0 | 3.0 | 7.0 | 8.0 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Magnesium(as MgO) per cent by weight, minimum | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | Zinc (as Zn) per cent by weight, minimum | 1.0 | 1.0 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 10 | Iron (as Fe) per cent by weight, minimum | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 11 | Boron(as B) per cent by weight, minimum | 0.5 | 0.5 | 0.1 | 0.1 | 0.1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | Molybdenum (as Mo) per cent by weight, minimum | - | 0.001 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 13 | Total chloride(as Cl) per cent by weight on dry basis, max | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 |
| 14 | Lead(as Pb) per cent by weight, maximum | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 |
| 15 | Cadmium(as Cd) per cent by weight, maximum | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 |
| 16 | Arsenic(as As) per cent by weight, maximum | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 |

देशबन्धु

सागर, गुरूवार 10 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# संसद में भारत माता की तलाश

यह वाकई दुखद है कि आजादी के बहुप्रचारित अमृत काल को पार करने के बाद भी देश और नागरिकों की सर्वोच्च प्रतिनिधि कही जाने वाली संसद असली 'भारत माता' को नहीं जानती। उत्तर-पूर्वी राज्य मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में हुई बहस से तो ऐसा ही महसूस होता है कि अब भी हमारे अधिकतर जन प्रतिनिधि इस बात से पूर्णत: अनभिज्ञ हैं कि आखिर भारत माता कौन है। यह सवाल तब उठा जिस समय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में 'भारत माता की हत्या हुई है।'

मोदी और उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के रिश्तों को लेकर बेबाकी से प्रश्न उठाने वाले राहुल मोदी सरकार और पूरी भारतीय जनता पार्टी की स्वाभाविकत: आंखों की किरकिरी बने हुए हैं। मोदी सरनेम पर कर्नाटक की एक चुनावी टिप्पणी को लेकर उन पर दर्ज मुकदमे पर सुनाई सजा के कारण मार्च में उनकी सांसदी निलम्बित हो गयी थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर रोक लगा देने के बाद उनकी सदस्यता बहाल कर दी गयी थी। फलत: वे सोमवार से फिर लोकसभा में अपनी सीट पर नज़र आये। इस बीच कांग्रेस समेत विपक्षी गठबन्धन इंडिया ने मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है, जिस पर तीन दिवसीय बहस जारी है। अनुमानों के विपरीत राहुल ने प्रस्ताव पर पहले दिन यानी मंगलवार को न बोलकर अपना वक्तव्य बुधवार को दिया। अपेक्षा के मुताबिक उन्होंने वहीं से अपने भाषण की शुरुआत की जहां उन्होंने पिछली बार छोड़ा था; यानी गौतम अदानी को लेकर। उन्होंने उसमें मणिपुर को भी जोड़ा जो चर्चा का केन्द्रीय विषय है। साथ ही हरियाणा की हिंसा की बात भी छेड़ते हुए आरोप लगाया कि 'आप पूरे देश को जलाने में लगे हो।'

शीर्ष अदालत में जीत दर्ज कराने और खोया शासकीय आवास फिर से पा लेने का विजयी भाव तो उनकी मुद्रा और व्यवहार में नज़र नहीं आया परन्तु भाजपा की खीझ और अपराध भाव के दर्शन चर्चा के पहले दिन ही होने लग गये थे। बहस को असम के सांसद गौरव गोगोई की ओर से शानदार शुरुआत मिलने से और भी परेशान भाजपा की झुंझलाहट निशिकांत दुबे के बयान में देखने को मिली जब उन्होंने व्यक्तिगत छींटाकशी करते हुए कहा कि 'सोनिया गांधी यहां बेटे को सेट करने और दामाद को भेंट करने के लिये बैठी हैं।'

इस घटिया टिप्पणी को शालीनता से दरकिनार करने वाली राहुल की मां का उल्लेख बुधवार को फिर से हुआ जब राहुल ने मणिपुर की भयावह स्थिति का वर्णन करते हुए इस बात का जिक्र किया कि 'मोदी उस हिंसाग्रस्त राज्य में नहीं गये क्योंकि वे मणिपुर को भारत का हिस्सा ही नहीं मानते।' भाजपा सरकार द्वारा वहां अपनाई गयी विभाजनकारी नीति की कड़ी आलोचना करते हुए राहुल ने कहा कि 'एक मेरी मां यहां बैठी हैं और दूसरी मां मणिपुर है जिसकी आप ने हत्या की है।' उन्होंने अपने भाषण में रामायण का संदर्भ देते हुए यह भी जोड़ा कि 'जैसे रावण केवल कुम्भकर्ण और मेघनाद की ही बात मानता था, वैसे ही मोदी केवल अमित शाह (केन्द्रीय गृह मंत्री) और अदानी की बात मानते हैं।' राहुल ने मोदी पर भारत माता की हत्या का आरोप लगाया, जो सांकेतिक अर्थ में था।

अमेठी लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उनकी प्रतिद्वंद्वी स्मृति ईरानी ने मौके को लपकते हुए इसे अपने भाषण का मुद्दा बना दिया। उन्होंने कहा कि 'जब राहुल कह रहे थे कि भारत माता की हत्या की जा रही है तो कांग्रेसी तालियां पीट रहे थे।' सवाल यह है कि राहुल गांधी के लिये आखिर भारत माता कौन है और स्मृति ईरानी किसे भारत माता मानती हैं। राहुल के परनाना व देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अहमदनगर जेल में लिखी अपनी प्रसिद्ध किताब 'हिन्दुस्तान की कहानी' में बतलाया है कि 'कभी ऐसा भी होता है कि मैं किसी जलसे में पहुंचता हूं तो मेरा स्वागत 'भारत माता की जय!' के साथ होता है। मैं लोगों से अचानक पूछ बैठता हूं कि इस नारे का मतलब क्या है? यह भारत माता कौन है, जिसकी वे जय चाहते हैं?' आगे नेहरू लिखते हैं कि 'जब उन्हें जवाब नहीं सूझता तो मैं ही उन्हें बताता हूं कि हिन्दुस्तान की नदी, पहाड़, जंगल, खेत जो हमें अन्न देते हैं वे सारे हमें अज़ीज़ हैं लेकिन आखिरकार जिनकी गिनती है, वे हैं हिन्दुस्तान के लोग। उनके और मेरे जैसे लोग जो इस सारे देश में फैले हुए हैं। भारत माता दरअसल यही करोड़ों लोग हैं और 'भारत माता की जय!' से मतलब हुआ इन लोगों की जय। मैं उन लोगों से कहता हूं कि तुम इस भारत माता के अंश हो, एक तरह से तुम ही भारत माता हो।'

असली मतांतर यही है कि राहुल लोगों में ही भारत माता को देखते हैं जबकि स्मृति ईरानी जिस विचारधारा की नुमाइंदगी करती हैं वह भारत माता को एक दैवीय स्वरूप में परिकल्पित कर जनता के भौतिक दायित्वों से मुक्त हो जाती हैं। जनता जनार्दन में भारत माता को देखने का अर्थ है उसकी ज़रूरतों को समझते हुए उसकी तरक्की व खुशहाली के प्रति दायित्वबोध और उसके सुख-दुख में शामिल होना। भारत माता को ईश्वरीय रूप देने का उद्देश्य उसके नाम से लोगों का भावनात्मक दोहन कर उसका सियासी लाभ लेना है। भारत में जारी विचारधाराओं के बीच जारी मौजूदा संघर्ष का यह महीन पहलू है जिसे स्मृति ईरानी को नहीं जनता को समझना होगा।

# बिल्किस बानो से राखी बंधवा लें मोदीजी

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

रक्षाबंधन में अभी काफी दिन हैं, अगर प्रधानमंत्री जी का कोई कार्यक्रम अब तक सुनिश्चित न हुआ हो कि वे इस बार देश के किस कोने में पहुंचकर, किस तबके की महिलाओं से राखी बंधवाने वाले हैं, तो उन्हें सलाह है कि इस बार वे अपने गृहराज्य चले जाएं। वहां बिल्किस बानो रहती हैं। श्री मोदी इस बार बिल्किस बानो से रक्षासूत्र बंधवा लें तो अमृतकाल का यह अमृत क्षण बन कर देश के इतिहास में सदा के लिए अमृत स्मृति बन जाएगा। बिल्किस बानो मुस्लिम महिला हैं, तो उनसे राखी बंधवाकर श्री मोदी अपने ही वचनों को सार्थक करेंगे। इस तरह मोदीजी, पर उपदेश कुशल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे की मिसाल भी अपने सांसदों के सामने पेश कर सकते हैं। हाल ही में दो बैठकों में उन्होंने भाजपा और एनडीए के नेताओं से मुस्लिम महिलाओं के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाने को कहा है, ताकि वे सुरक्षित महसूस कर सकें। तो इसकी शुरुआत उन्हें ही करना चाहिए। वैसे सवाल किया जा सकता है कि आखिर 9 सालों में मोदी सरकार ऐसा माहौल क्यों नहीं बना पाई कि मुस्लिम या किसी भी तबके की महिलाएं सुरक्षित महसूस कर सकें। सवाल ये भी है कि महिलाओं को सुरक्षित महसूस करवाने के लिए उनसे राखी बंधवाने की क्या जरूरत। क्या मोदीजी भी राखी के त्योहार को केवल इसी नजरिए से देखते हैं कि भाई की कलाई पर रक्षासूत्र इसलिए बांधा जाता है ताकि वो बहन की हिफाजत कर सके। क्या महिलाएं अपनी हिफाजत खुद करने के काबिल नहीं हैं। अगर नहीं हैं, तो क्या उन्हें इस काबिल नहीं बनाया जाना चाहिए। मोदी सरकार जिस महिला सशक्तीकरण और नारी शक्ति की बात करती रही है, क्या वो केवल जुबानी और कागजी थीं, उनका हकीकत से कोई वास्ता नहीं था।

खैर महिलाओं की रक्षा हो न हो, महिलाएं रोज प्रताड़ना का शिकार होती रहीं, फिर भी रक्षाबंधन का त्योहार तो जैसे सदियों से मनता आया है वैसे ही आगे भी चलता रहेगा। अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं और फिर अगले साल आम चुनाव हैं, जिसमें इस बार भाजपा को इंडिया से मुकाबला करना है, तो अब भाजपा इसके लिए नयी-नयी तिकड़में भिड़ाने में लगी है। इंडिया यानी 26 दलों के गठबंधन में एकता बनी रही और आगे कुछ और दल इसमें शामिल हो गए, तो फिर भाजपा का लोकसभा में 3 सौ पार का सपना धरा का धरा रह जाएगा। अब तो राहुल गांधी मानहानि की सजा से मुक्त हो चुके हैं, और संसद भी फिर से आ गए हैं। इससे मोदी सरकार की मुश्किलें और बढ़ेंगी, ये तय है। राजनैतिक मुश्किलों का समाधान राजनैतिक तरीकों से ही निकालने की कोशिश करनी चाहिए। मगर मोदीजी इसमें घालमेल करने में लगे हैं। राम मंदिर बनना शुरु हो चुका है, जिसका उद्घाटन अगले साल की पहली तारीख को शायद हो जाए। काशी में ज्ञानवापी मस्जिद में एएसआई सर्वे करने में लगी है। मथुरा की शाही ईदगाह भी कतार में है। तो अयोध्या, मथुरा, काशी के बाद हिंदुत्व को और कैसे भुनाया जाए, इसकी तलाश भाजपा कर रही होगी। हिंदुओं के साथ-साथ आदिवासियों के लिए भाजपा जाल बिछा ही चुकी है। इधर पसमांदा मुस्लिमों को अपने पाले में करने की कोशिश भाजपा कर रही है। इसके साथ ही मुस्लिम महिलाओं की याद भी श्री मोदी को आ गई। इस याद का सीधा संबंध चुनावों से है, इंडिया के गठन से है।

हरियाणा में दंगों की आग भड़क गई थी और अब वहां कई जगहों पर मुस्लिमों का आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार करने का ऐलान पोस्टरों के भाषणों के जरिए किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के अशोक नगर में ग्राम पंचायत धोरा के चार गांवों में सरपंच के कहने पर ईसाई और मुस्लिम व्यापारियों के प्रवेश को रोक दिया गया है। देश में चारों ओर असुरक्षा का माहौल बन रहा है, मोदीजी किस-किस को राखी बांधने और बंधवाने की सलाह देंगे।

जब मुस्लिम महिलाओं से ही राखी बंधवानी है, तो मोदीजी को बिल्किस बानो से राखी बंधवा कर इसकी शुरुआत करना चाहिए। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए ही गुजरात दंगों में बिल्किस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। उनके परिवार के लोगों को उनकी आंखों के सामने मारा गया था। बलात्कारी और हत्यारे बिल्किस के गांव के ही थे और वो उनसे हाथ जोड़ कर रहम की अपील करती रहीं कि वो उनकी बहन के समान हैं। लेकिन अपराधियों ने बिल्किस को एक मुस्लिम और एक महिला की तरह ही देखा, जिस पर वो बल प्रयोग कर सकते थे। अपने अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचवाने में बिल्किस को दो दशकों का लंबा वक्त लग गया। इस दौरान उनका आत्मसम्मान चकनाचूर किया गया, उनके मामूली सपनों तक को रौंद दिया गया। इतना काफी नहीं था तो अच्छे आचरण का हवाला देते हुए बिल्किस के बलात्कारियों को पिछले साल जेल से छोड़ भी दिया गया और बाकायदा उनका फूल माला के साथ स्वागत किया गया। भाजपा के नेता ने इन लोगों को संस्कारी ब्राह्मण तक कहा था। बिल्किस बानो के गुनहगारों को दोषी ठहराने और सजा देने वाले निचली अदालत के जज यूडी साल्वी, जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्होंने गुनहगारों के जेल से बाहर निकलने और इस पर मिठाई बांटे जाने, माला पहनाकर स्वागत किए जाने को लेकर कहा था कि ये सही नहीं है। लेकिन मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने पूछा, जेल से बाहर आने वाले परिवार के सदस्य को माला पहनाने में क्या गलत है?

इस एक सवाल से मोदी सरकार की महिला सुरक्षा और नारी सम्मान के दावों की हकीकत सामने आ जाती है। उसूलों और हक की बात करने के लिए जेल जाना और रिहाई पर फूलों से स्वागत अलग बात है। लेकिन अगर कोई चोरी, हत्या या बलात्कार जैसे गंभीर अपराध के लिए जेल जाए क्या तब भी वो स्वागत के काबिल माना जाएगा। अपराधियों को इज्जत बख्शने का ये कौन सा नया चलन देश में चलाया जा रहा है। एस वी राजू जिन लोगों को माला पहनाने को सही ठहरा रहे हैं, उन पर एक महिला से सामूहिक बलात्कार और 14 लोगों की हत्या का दोष है। अगर ऐसे लोगों को माला पहनाना सही है, तो फिर इस बात पर भी आश्चर्य नहीं होगा, अगर अगले चुनावों में इन लोगों को टिकट मिल जाए, हत्या और बलात्कार को इनकी योग्यता बताया जाए। एक ओर बलात्कारियों के स्वागत का माहौल बनाया जा रहा है, दूसरी ओर मुस्लिम महिलाओं से राखी बंधवाने की रणनीति बन रही है। राजनीति की ऐसी तिकड़में न्यू इंडिया को और कैसा इंडिया बनाएंगी, ये सोच कर ही डर लगता है। वैसी इसकी मिसाल मणिपुर मामले में मिल ही चुकी है।

इस मामले को लेकर अब इंडिया के अविश्वास प्रस्ताव का सामना मोदी सरकार कर रही है। बुधवार को राहुल गांधी ने अपने संक्षिप्त लेकिन तीखे भाषण में मोदी सरकार पर गंभीर इल्जाम लगाया है कि आप भारत माता की हत्या कर रहे हैं। भाजपा उनके शब्दों को पकड़कर उन्हें घेरने की कोशिश कर रही है। और उस भावना से लोगों का ध्यान भटका रही है, जो राहुल गांधी ने इस इल्जाम के जरिए प्रकट की। श्री गांधी मणिपुर के लोगों, वहां की महिलाओं के दर्द पर मोदी सरकार से जवाब मांग रहे थे और वो उस वक्त शोर-शराबा करती हुई राजस्थान और प.बंगाल का नाम ले रही थी। इसी से समझ आता है कि मणिपुर के समाधान में मोदी सरकार की कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी केवल चुनाव जीतने में है। और इसी वजह से ध्रुवीकरण का खेल शुरु हो चुका है। मणिपुर में दो समुदाय आपस में तीन महीनों से हिंसक तरीके से टकरा रहे हैं। हरियाणा में दंगों की आग भड़क गई थी और अब वहां कई जगहों पर मुस्लिमों का आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार करने का ऐलान पोस्टरों के भाषणों के जरिए किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के अशोक नगर में ग्राम पंचायत धोरा के चार गांवों में सरपंच के कहने पर ईसाई और मुस्लिम व्यापारियों के प्रवेश को रोक दिया गया है।

देश में चारों ओर असुरक्षा का माहौल बन रहा है, मोदीजी किस-किस को राखी बांधने और बंधवाने की सलाह देंगे। इस की जगह वे संविधान की भावना के मुताबिक देश को चलाने की कोशिश करेंगे, सबकी सुरक्षा का सूत्र वहीं मिलेगा।

# मणिपुर दंगे पर सर्वोच्च न्यायालय में मोदी सरकार के हलफनामे पर उठा सवाल

■ अरुण श्रीवास्तव

अपने विरोधियों और राजनीतिक शत्रुओं के खिलाफ अनैतिक और निराधार टिप्पणियां करना और हमेशा धरातल की सच्चाइयों से इनकार की मुद्रा में रहना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख विशेषता रही है। जाहिर है, मणिपुर में लावारिस शवों के निस्तारण के मामले में मोदी सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता की दलीलें इसी विशेषता को दर्शाती हैं।

मुर्दाघरों में लावारिस पड़ी लाशों के प्रति भी पूरी तरह से असंवेदनशीलता और चिंता की कमी का प्रदर्शन करते हुए, मेहता ने यह स्वीकार करने के बजाय कि शव भारतीयों के थे, अदालत को बताया कि जातीय हिंसा के अधिकांश लावारिस शव तथाकथित विदेशी 'घुसपैठियों' के हैं। एसजी मेहता की इस एकल-पंक्ति प्रस्तुति ने मणिपुर के लोगों, विशेषकर कुकी महिलाओं को तबाह कर दिया है।

केंद्र और मणिपुर दोनों सरकारों की ओर से पेश हुए मेहता ने 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 'अधिकांश लावारिस शव घुसपैठियों के हैं'। यह अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके पास क्या बुनियादी जानकारी या सबूत थे? यह अभी तक रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया है। सरकार के सर्वोच्च कानूनी अधिकारी होने के नाते, उन्हें अपनी टिप्पणियों में कुछ हद तक संयम रखना चाहिए था।

महिलाओं का संगठन, कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय, शवों को चूड़ाचांदपुर लाने के लिए बार-बार मांग कर रहा है, लेकिन 'कोई असर नहीं हुआ'। मणिपुरवासी पर्याप्त सबूत पेश किए बिना मारे गये भारतीय नागरिकों को 'घुसपैठिए या अवैध प्रवासी' कहने पर एसजी मेहता और सरकारी अधिकारियों से नाराज हैं। उनके अनुसार, 'यह एक गंभीर मामला है और यह झूठ बोलने और अदालत को गुमराह करने के समान है।

उनकी टिप्पणी से मणिपुर की महिलाएं इस हद तक आहत हुई हैं कि शायद न्यायिक इतिहास में पहली बार मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की महिला संगठन ने सुप्रीम कोर्ट में मेहता द्वारा की गयी इस टिप्पणी को वापस लेने की मांग की है।

एक अन्य बयान में, यूएनएयू आदिवासी महिला मंच, दिल्ली-एनसीआर ने कहा कि मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की माताएं, जो समूह का प्रतिनिधित्व करती हैं, सॉलिसिटर जनरल द्वारा की गयी टिप्पणियों से 'गहराई से आहत और भयभीत' हैं। 'देश के सॉलिसिटर जनरल की ऐसी ढीली और निराधार टिप्पणी अशोभनीय, अस्वीकार्य और घृणित है।' समूह ने अपने बयान में कहा, 'यह मृतकों के परिवारों के लिए बेहद दुखद है, जो आज तक अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार करने में असमर्थ हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी और उनके सहयोगियों के मन में ईसाई कुकियों के प्रति तीव्र घृणा की भावना राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा शवों को उनके रिश्तेदारों को सौंपने की अनिच्छा में भी प्रकट होती है, जो शवों को अंतिम संस्कार के लिए घर ले जाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। जहां एक ओर शव इंफाल के मुर्दाघरों में पड़े हुए हैं, वहीं शोक संतप्त परिवार मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण शवों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, जिसमें अगर वे शवों को निकालने की कोशिश करेंगे तो 'उन्हें निश्चित मौत का सामना करना पड़ेगा'।

महिलाओं का संगठन, कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय, शवों को चूड़ाचांदपुर लाने के लिए बार-बार मांग कर रहा है, लेकिन 'कोई असर नहीं हुआ'। मणिपुरवासी पर्याप्त सबूत पेश किए बिना मारे गये भारतीय नागरिकों को 'घुसपैठिए या अवैध प्रवासी' कहने पर एसजी मेहता और सरकारी अधिकारियों से नाराज हैं। उनके अनुसार, 'यह एक गंभीर मामला है और यह झूठ बोलने और अदालत को गुमराह करने के समान है, और यह देश के दूसरे सर्वोच्च कानूनी कार्यालय का पद संभालने वाले किसी व्यक्ति को शोभा नहीं देता है'।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की : 'लेकिन अंततः, जिनके साथ बलात्कार किया गया और जिनकी हत्या की गयी, वे हमारे लोग थे, है ना? इसलिए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि न्याय हो, बस इतना ही।'

दंगा पीड़ितों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की पूर्ण उदासीनता, राज्य का दौरा करने से इनकार करना और यहां तक कि पीड़ितों को सांत्वना देने से इनकार करना, राज्य के आदिवासियों और कुकियों को हैरान और अलग-थलग कर दिया है। एसजी मेहता की अप्रिय टिप्पणी ने उनके घावों पर नमक छिड़क दिया है, और इसलिए उन्होंने इस भयानक टिप्पणी को रद्द करने की मांग की है। जिस बात ने उन्हें सबसे अधिक आहत किया है वह यह है कि जहां प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी गरिमा और शील की रक्षा के लिए कोई उपाय नहीं किया है, वहीं उनकी सरकार ने मृत आत्माओं को न्यूनतम मानवीय अधिकार देने की इच्छा भी व्यक्त नहीं की है। एक बयान में, यूएनएयू आदिवासी महिला मंच, दिल्ली-एनसीआर ने कहा कि समूह द्वारा प्रतिनिधित्व करने वाले मणिपुर के कुकी-हमार-ज़ोमी समुदाय की माताएं सॉलिसिटर जनरल द्वारा की गयी टिप्पणियों से 'गहराई से आहत और भयभीत' हैं।

इसके अलावा, एसजी तुषार मेहता के निराधार दावे ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भी मुश्किल में डाल दिया है। भारत-म्यांमार सीमा की सुरक्षा बीएसएफ की जिम्मेदारी है। इतनी बड़ी संख्या में अवैध घुसपैठियों का प्रवेश बीएसएफ की प्रभावकारिता और क्षमता पर सवालिया निशान लगाता है। फिर यदि वास्तव में ऐसा मामला है, तो केंद्रीय गृह मंत्रालय, जो कि बीएसएफ का बॉस है, को विस्तृत स्पष्टीकरण देना चाहिए कि इतनी बड़ी संख्या में घुसपैठिये पुलिस की मजबूत उपस्थिति के बावजूद भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने में कैसे कामयाब रहे?

वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंसाल्वेज ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि इंफाल के एक मुर्दाघर में महीनों से 118 शव अज्ञात पड़े थे। 'वे सड़ रहे हैं। हम वहां जाकर उनकी पहचान नहीं कर सकते। हमें पहचानने में मदद करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है', गोंसाल्वेज ने कहा। इस पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा: 'आप 118 शवों को मुर्दाघर में अनिश्चित काल तक नहीं रख सकते।' अदालत ने एसजी मेहता से यह बताने के लिए कहा कि कितने शवों की पहचान की गयी है और कितने का पता लगाया जाना बाकी है।

कुछ स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि अधिकांश मृतक हिरासत में मौत के शिकार थे। ऐसे ही एक मामले में, 25 मई को एक एफआईआर दर्ज की गयी थी, लेकिन पीड़ित की मौत की जांच के लिए आज तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गयी है, जो गिरफ्तारी के दिन से इंफाल में मणिपुर पुलिस की हिरासत में था। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का यह हश्र हुआ।

यह गृह मंत्रालय और राज्य सरकार की खराब कार्यप्रणाली को दर्शाता है कि मणिपुर में जातीय हिंसा के तीन महीने बाद भी कम से कम 53 शव- जिनमें से ज्यादातर कुकी समुदाय के हैं- अभी भी इम्फाल पूर्व और पश्चिम के दो जिला अस्पतालों में लावारिस पड़े हुए हैं। इसके अलावा, मैतेई समुदाय के व्यक्तियों के तीन या चार शव चूड़ाचांदपुर के अस्पताल में लावारिस पड़े हुए हैं।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मोदी सरकार ने मणिपुर के मृतकों और जीवितों दोनों को छोड़ दिया है। यह देखना बाकी है कि सर्वोच्च न्यायालय मृत आत्माओं के प्रति घोर अनादर दिखाने के लिए जिम्मेदार राजनेताओं, शासकों, अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई शुरू करता है।

मणिपुर पुलिस द्वारा प्रदर्शित नृशंस रवैया, गिरफ्तार किये गये लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा करने में उनकी घोर विफलता और जिनके खिलाफ अभी तक आरोप पत्र दायर नहीं किया गया है, यह दर्शाता है कि कैसे उन्हें हिंदुत्व कट्टरता के पैदल सैनिकों में बदल दिया गया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह द्वारा 'नार्को-आतंकवादियों' और 'अवैध आप्रवासियों' पर युद्ध की आड़ में भयानक हिंसा को उचित ठहराना पुलिस की मिलीभगत और कुकियों के प्रति उनके पक्षपातपूर्ण रवैये को रेखांकित करता है।

मणिपुर में न तो मुख्यमंत्री और न ही पुलिस ने संविधान के प्रावधानों का पालन किया। ऐसी दो भयावह घटनाएं डल्लमथांग सुन्ताक और लालरेमरूट पुलमटे की मृत्यु से संबंधित हैं। उन्होंने 3 मई की देर शाम इंफाल से चूड़चांदपुर जाते समय मोइरांग पुलिस स्टेशन में सुरक्षा मांगी थी। दुर्भाग्य से, पुलिस के कार्रवाई करने से पहले ही भीड़ ने उन्हें पीट-पीटकर मार डाला। आशंका व्यक्त की जा रही है कि पुलिस ने उन्हें भीड़ को सौंप दिया था (जैसा कि उन्होंने वायरल वीडियो की पीड़ित महिलाओं के साथ किया था, जिसने लैंगिक हिंसा की भयावहता को सामने ला दिया था), पर सच्चाई जानना कठिन है। वास्तव में चौंकाने वाली बात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की गहरी चुप्पी है, जो अन्यथा विपक्ष के नेतृत्व वाली सरकारों की खिंचाई करने में काफी सक्रिय रहा है, लेकिन इन घृणित घटनाओं पर अपनी आवाज नहीं उठायी या स्वत: संज्ञान जांच शुरू नहीं की।

## पावन प्रसंग

# भारतीय दर्शन की विश्वव्यापी प्रभाव

भारतीय संस्कृति की ज्ञान-विज्ञान की धारा पूरे विश्व में अपना प्रभाव डालती रही है। अरब और यूनान के प्राचीन चिंतन में भारतीय दर्शन की स्पष्ट छाप मिलती है। यूनानी ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में भारत में यात्रा के दौरान उन्होंने देश के अध्यात्म का बड़े विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने भारतवर्ष के उन आध्यात्मिक मनुष्यों का भी वर्णन किया है, जो पर्वतों, मैदानों और कुंजों में निवास करते थे। मैक्समूलर लिखते हैं कि यूनानियों को जितना अधिक भारत की दार्शनिक प्रवृत्ति ने प्रभावित किया, उतना किसी अन्य ने नहीं। यह प्रवृत्ति रहस्यमयस देश की व्याप्त किए हुए प्रतीत होती थी। परवर्तीकाल में हम इस प्रभाव को और सघन एवं व्यापक रूप में देखते हैं। भारतीय विचारों पर सबसे पहले शोध करने वाले यूरोपी विद्वान अलेक्जेंडर थे, जिन्होंने सन् 1768 में अपनी पुस्तक हिस्ट्री ऑफ इंडिया में इस विषय पर विशद प्रकाश डाला। वारेन हेस्टिंग्स की प्रेरणा से भारतीय साहित्य का ज्ञान अर्जित करने वाले पहले अंग्रेज चार्ल्स विल्किन्स थे, जिन्होंने बंगाल में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना की। सर विलियम जोन्स भारतीय विचारों के अध्ययन में अग्रणी थे, जो सन् 1783 में कलकत्ता (कोलकाता( उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनकर भारत आए थे।-

यहां की विचारधारा से प्रभावित बोकर उन्होंने कहा-यह मानवीय प्रतिभा का उर्वर उत्पत्तिस्थल है सन् 1784 में स्थापित एशियाटिक सोसायटी के वे आजीवन अध्यक्ष रहे। उन्होंने पहली बार घोषणा की कि संस्कृत-ग्रीक और लैटिन की अपेक्षा अधिक परिष्कृत भाषा है व इन दोनों जन्मदात्री भी है।

जोन्स के कार्य का सबसे अधिक प्रभाव भारतीय विचाराधाराओं के अध्ययन पर पड़ा। जीटी गैरेट के शब्दों में, उन्होंने इन विचारों पर जो रुचि जाग्रत की, उससे प्रेरित होकर विद्वान यहां के विचारों की खोज में ऐसे उत्साह के साथ प्रवृत्त हुए जैसे ऑस्ट्रेलिया के स्वर्णक्षेत्रों के प्रति अन्वेषक निकल पड़े हों। ऐसे विद्वानों में हेनरी टामस कोलब्रुक विशिष्ट थे। दर्शन के साथ कोलब्रुक ने भारत के वैज्ञानिक साहित्य पर भी अध्ययन किया, जिससे यूरोपियन विज्ञान व गणितशास्त्र में भारतीय उपलब्धियों का पहली बार प्रकाश पड़ा।

अठारहीं शताब्दी के प्रारंभ में फ्रांस भी भारतीय विचार प्रणाली में रूचि लेने लगा था। फ्रांस को भारतीय विचारधारा और इतिहास की जानकारी अरबी, फारसी, चीनी, ग्रीक और लेटिन पुस्तकों से होती रहती थी। इस संदर्भ में फ्रांस के बादशाह के पुस्तकालयाध्यक्ष बिगनन, अन्य विद्वान कालमेत, एनक्वेतिद्यु पेरों आदि का विशेष योगदान रहा। एनक्वेतिद्यु पेरो ने मुगल शहजादे दाराशिकोह के फारसी में अनूदित उपनिषदों का अनुवाद लेटिन भाषा में किया।

इसी क्रम में श्रीमदभागदगीता और उपनिषद के अनुवाद के साथ भारतीय दर्शन के मूल ग्रंथों के पाठ उपलब्ध हो गए। लियोनार्ड दि शेजी व उनके शिष्यों ने भी भारतीय विचारों के अध्ययन व प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यूजीन बरनाफ व मैक्समूलर ने इस श्रृंखला में कार्य को और गति दी। इसी बीच सन 1822 में सोशियट एशिएटिक संस्था की स्थापना पेरिस में हुई, जिसके कारण बहुत से विद्वान भारतीय दर्शन में रूचि लेने लगे। जिसमें बरनाफ के सहकर्मी बार्थेलेमि दि संत हेलारी भी थे, जिन्होंने भारतीय दर्शन की न्याय व सांख्य शाखाओं में महत्वपूर्ण अध्ययन प्रकाशित किए।

सन 1868 में इकोल दे हांत एत्यूदे नाम से एक नया अध्ययन केन्द्र खुल गया, जिसमें आगस्त बार्थ और एवेल बरगाईन और एमिली सेनार्त ने ऋग्वेद पर विशद अध्ययन किया, जिसमें बरगाईन की प्रसिद्ध पुस्तक दि वैदिन रिलीजन एकॉर्डिंग टू दि हिम्स ऑफ ऋग्वेद उल्लेखनीय है। इसके बाद जर्मनों ने संयुकत और भारतीय दर्शन को अपनाया। जबकि उनके ब्रिटेन और फ्रांस की तरह भारत से कोई राजनीतिक संबंध नहीं थे।

**-अखण्ड ज्योति**

## आपके पत्र

# पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता

पिछले महीने जुलाई को धरती का अब तक का सबसे गर्म महीने के रूप में रिकॉर्ड किया गया है। एक तरफ जहां भारत और चीन सहित दुनिया के कई देश भीषण बाढ़ और प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे हैं, वहीं यूरोप के अधिकांश देश जंगलों में लगी भीषण आग से झुलस रहे हैं। दरअसल प्रकृति के इस रौद्र रूप के ज़िम्मेदार हम खुद इंसान हैं। विकास के नाम पर जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने धरती को खोखला कर दिया है. हालांकि एक तरफ जहां विकास के नाम विनाश जारी है तो वहीं दूसरी ओर पर्यावरण की रक्षा और इसके संरक्षण के लिए भी युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। सतत विकास के तहत प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर ज़ोर दिया जा रहा है।

वास्तव में, इंसान और पर्यावरण के बीच हमेशा से एक गहरा संबंध रहा है। प्रकृति के बिना कोई भी जीवन संभव ही नहीं है। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रहा है, साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन गया है। जबकि सुखी और स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण बेहद जरूरी है लेकिन यह तभी संभव है जब सभी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता होगी। दुनिया भर समेत भारत में भी पर्यावरण और जैव विविधता की रक्षा के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। इसे संविधान के मौलिक कर्तव्य (भाग1 वीए अनुच्छेद 51) में भी दर्ज किया गया है, जिसके तहत वनों, झीलों और नदियों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और जीवित प्राणियों के लिए दया करना शामिल है। इसके अतिरिक्त और भी कई अधिनियम भारत सरकार ने बना रखे हैं जिसके तहत पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। जैसे वन्यजीव अधिनियम 1972, जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1974, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1981, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 आदि।

लेकिन ज़मीनी सतह पर देखें तो ऐसा लगता है कि इस नियमों का कोई महत्व नहीं है। देश के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां नदी और तालाबों को गंदा कर दिया गया है। ऐसे ही कई तालाब, पोखर और नदियां हैं जो प्रदूषण से पूरी तरह ग्रसित हैं। आखिर इनकी साफ सफाई की जिम्मेदारी किसकी है? साल में केवल एक दिन पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रम करने से नहीं बल्कि प्रतिदिन इसके लिए जागरूकता चलाने की ज़रूरत है क्योंकि पर्यावरण से ही प्राणियों के जीवन का आधार जुड़ा हुआ है।

**भारती देवी, पुंछ-जम्मू**

मुख्यमंत्री से की उद्योगपतियों ने भेंट

# प्रदेश में होगा 4 हजार करोड़ से अधिक का निवेश



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज यहाँ रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हेतिच इंडिया और पेप्सिको इंडिया उद्योग समूह के प्रतिनिधियों ने भेंट की तथा प्रदेश में बायो गैस, फर्नीचर फिटिंग्स और खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उद्योगपतियों और निवेशकों का प्रदेश में स्वागत करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## रिलायंस लगाएगा कम्प्रेस्ड बायो गैस और बायो गैस सघनीकरण संयंत्र

मुख्यमंत्री श्री चौहान को रिलायंस इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री फरहान अंसारी तथा उपाध्यक्ष श्री विवेक तनेजा ने बताया कि उनका समूह प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगभग 1970 करोड़ रूपये के निवेश से 10 कम्प्रेस्ड बायो गैस और 15 बायो गैस सघनीकरण संयंत्र स्थापित कर जैव ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश का इच्छुक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान से रिलायंस के प्रतिनिधियों ने राज्य को होने वाले दीर्घकालिक लाभ और कम्पनी की अपेक्षाओं के संबंध में चर्चा की।

## हेतिच इंडिया की फर्नीचर हार्डवेयर उत्पादों के निर्माण में है विशेषज्ञता

मुख्यमंत्री श्री चौहान से फर्नीचर हार्डवेयर उत्पादों के निर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली जर्मन कम्पनी हेतिच इंडिया के प्रबंध संचालक आंद्रे अकोल्ट ने भेंट कर पीथमपुर में 700 करोड़ रूपए के निवेश से स्थापित हो रही कम्पनी की नई इकाई की जानकारी दी। इकाई में लगभग 500 लोगों के लिए रोजगार सृजित होगा। कम्पनी द्वारा पीथमपुर में वर्ष 2020 में 300 करोड़ रूपए के निवेश से एक इकाई स्थापित की जा चुकी है, जिससे लगभग 600 लोगों के लिए रोजगार सृजित हुआ है। हेतिच इंडिया इस इकाई का भी 270 करोड़ रूपए के निवेश के साथ विस्तार कर रही है। कब्जे (हिंज) बनाने की इस इकाई से भी लगभग 600 लोगों के लिए रोजगार सृजित होगा।

## पेप्सिको उज्जैन में कार्बोनेटेट पेय इकाई स्थापित करने की इच्छुक

मुख्यमंत्री श्री चौहान से पेप्सिको इंडिया के प्रेसीडेंट श्री अहमद अल शेख, चीफ फाइनेंशियल ऑफीसर श्री किशोर मित्रा और चीफ कार्पोरेट अफेयर्स सुश्री गरिमा सिंह ने भेंट की। पेप्सिको विश्वव्यापी उपस्थिति रखने वाली प्रमुख खाद्य और पेय कम्पनी है। पेप्सिको इंडिया लगभग एक हजार 155 करोड़ रूपए के निवेश के साथ विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन में खाद्य प्र-संस्करण (कार्बोनेटेट पेय) इकाई स्थापित करने की इच्छुक है, जिसमें लगभग 150 लोगों के लिए रोजगार सृजित होंगे।

## हरदेनिया ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



**भोपाल,देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास पर कमलनाथ के समक्ष गाडरवारा के संघ प्रचारक सत्यस्वर हरदेनिया ने कमलनाथ, कांग्रेस की विचारधारा और सिद्धांतों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने हरदेनिया को कांग्रेस पार्टी का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलायी और उनका पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनुराग भार्गव, युवा नेता अभिनय ढिमोले सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## विश्व आदिवासी दिवस और भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर कार्यक्रम आज

**भोपाल,देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस और भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर देश भर में अभा कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि 9 अगस्त को विष्व आदिवासी दिवस और भारत छोड़ों आंदोलन दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय 11.30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया भी उपस्थित रहेंगे।

# हनुमंत कथा कराने पर घिरे कमलनाथ, मुख्यमंत्री ने बताया चुनावी भक्ति

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा छिंदवाड़ा में पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा कराने को लेकर सियासी बयानबाजी शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे उनकी चुनावी भक्ति बताया। श्री चौहान ने कहा कि जो लोग कभी भगवान राम को काल्पनिक मानते थे, वे कथा और हनुमान चालीसा का पाठ करा रहे हैं और वे ऐसा करने के लिए मजबूर हैं। पत्रकारों से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि कमलनाथ के नेता होने पर उनकी पार्टी के नेता ही सवाल उठा रहे हैं, ऐसे में कमलनाथ अपना दावा मजबूत करने के लिए कथाओं के आयोजन में लग गए हैं। वहीं गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने इसे राजनीतिक पाखंड बताया और कहा कि 15 माह की सरकार में उन्होंने पुजारी, मंदिर और धर्म के लिए कुछ नहीं किया।

भाजपा नेताओं के अलावा आरजेडी नेता शिवानंद तिवारी ने भी कमलनाथ की भक्ति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कमलनाथ द्वारा धीरेंद्र शास्त्री से हनुमंत कथा कराने पर कांग्रेस हाईकमान से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

## यह आस्था का विषय, बहस का मुद्दा नहीं : कमलनाथ

इधर कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा के दौरान इसे आस्था का विषय बताया और कहा कि यह बहस का मुद्दा नहीं है। उन्होंने 15साल पहले छिंदवाड़ा में हनुमान मंदिर का निर्माण करवाया था, लेकिन इस बात को प्रचारित नहीं किया गया। पंडित शास्त्री के आमंत्रण पर उनका जवाब था कि उन्हें छिंदवाड़ा की जनता ने आमंत्रित किया था, वहीं सितम्बर माह में पंडित प्रदीप मिश्रा का कार्यक्रम प्रस्तावित है। हिंदू राष्ट्र के सवाल पर उन्होंन बड़ी चतुराई से जवाब दिया और कहा कि विश्व की सबसे बड़ी हिंदू आबादी अपने देश में हैं। देश में 82 प्रतिशत हिंदू निवास करते हैं इसीलिए यह कोई बहस का मुद्दा नहीं है।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग के नव निर्मित भवन का किया लोकार्पण, कहा-

# प्रदेश में वन, खनिज और जल सम्पदा का अपार भंडार




**भोपाल , देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन, खनिज और जल सम्पदा का अपार भंडार है। देश के 13 प्रतिशत वन मध्यप्रदेश में हैं। प्रदेश में अति-सघन वन लगातार बढ़ रहे हैं। हमारा प्रदेश टाइगर स्टेट है, इसे टाइगर स्टेट बनाए रखने के लिए वन विभाग का हृदय से अभिनन्दन करता हूँ। हम लेपर्ड और घड़ियाल स्टेट भी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज 180 करोड़ रुपए से नवनिर्मित तुलसी नगर स्थित वन भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वन कर्मियों और वन समितियों का सम्मेलन भी आयोजित किया गया। समारोह में वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम माधो सिंह, अपर मुख्य सचिव वन जे.एन. कंसोटिया, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री रमेश कुमार गुप्ता सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा वनकर्मी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वनवासियों की अर्थ-व्यवस्था का आधार वन ही हैं। अब प्रदेश में 785 टाइगर हो गए हैं, जो पहले से अधिक हैं। बारह सिंघा, सफेद बाघ भी हमारे यहाँ है। प्रदेश में वानिकी के क्षेत्र में नए रिकार्ड स्थापित किए गए हैं। बाँस कलस्टर विकसित किये जा रहे हैं। पेसा नियम लागू करने में वन विभाग का सहयोग सराहनीय है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को चप्पल, जूता, कुप्पी, साड़ी और छाता दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमने जनता के लिए वनों को वरदान बनाया है। नवनिर्मित वन भवन पूर्ण हरित भवन है, जिसमें हवा, पानी और प्रकाश के संरक्षण का पूरा ध्यान रखा गया है। यह भवन नई ऊर्जा का संचार करेगा। विभाग को कार्य करने के लिए स्थान की कोई कमी नहीं रहेगी। वनों की सुरक्षा करने वालों की जिंदगी बेहतर करने की पूरी कोशिश होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वन्य-प्राणियों का संरक्षण बहुत पुण्य का कार्य है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में अधिक से अधिक वन स्थापित हों जिससे प्रदेश में आक्सीजन का उत्सर्जन बड़े स्तर पर हो, प्रदेश दुनिया में ऑक्सीजन हब बन जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वन और वनवासियों का गहरा संबंध है। वनों के माध्यम से उनकी जिंदगी में खुशहाली पैदा करने की कोशिश होगी। वनों के बिना इंसान की जिंदगी नहीं चल सकती है। यह धरती सभी जीव-जंतुओं की है। इसे बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। मध्यप्रदेश में पर्यावरण के संरक्षण में बेहतर कार्य हुआ है।

# जल्दी ही बनेंगे 36 सौ किलोमीटर राज्य राजमार्ग

- 376 किमी राज्य राजमार्ग हुए 4 लेन
- 3 हजार कि मी से ज्यादा लंबाई के विकास पथ पर निर्माण शुरू

**भोपाल देशबन्धु।** प्रदेश में जल्दी ही 3600 किलोमीटर राज्य राजमार्ग की सुविधा उपलब्ध होगी। इन राजमार्गों निर्माण 7250 करोड़ रुपए की लागत से होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क निरंतर बढ़ रहा है। भोपाल शहर में वीआईपी रोड के विकल्प के रूप में आठ-लेन एलीवेटेड कॉरीडोर पश्चिम भोपाल बायपास के निर्माण की तैयारियां चल रही हैं। इस पर 3156 करोड़ रू खर्च होंगे। जबलपुर-नरसिंहपुर फ़ोरलेन मार्ग के निर्माण के लिए 756 करोड़ रूपये का बजट उपलब्ध कराया गया है। नर्मदापुरम-पिपरिया फोरलेन मार्ग के निर्माण पर 840 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

वर्ष 2004 से 2023 तक कुल 32 हजार 953 करोड़ रूपये की लागत से 16 हजार 510 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है। वर्ष 2003 मे सिर्फ 328 किमी राज्य राजमार्ग डबल लेन हुआ करते थे, जो वर्ष 2023 में 10 गुना बढ़कर 3428 किमी हो गये हैं।

## शहरों, बाजारों, मंडियों में हुई सीधी पहुंच

राज्य राजमार्गो का नेटवर्क बढ़ने से छोटे शहरों, बाजारों तथा मंडियों तक पहुँच बेहतर हुई है। छोटे शहरों में व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है और किसान का सीधा संपर्क बड़े बाजारों/मंडियों से हो गया है। विकास के नये पथ राष्ट्रीय राजमार्गों में अटल प्रगति पथ के निर्माण की कार्रवाई शुरू हो गई है। मालवा-निमाड़ विकास पथ में 450 किमी का गरोठ (मंदसौर)-उज्जैन-इंदौर-बुरहानपुर 4 लेन मार्ग बनना शुरू हो गया है। इस पर 7972 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इसी प्रकार बुंदेलखंड विकास पथ में भोपाल से छतरपुर मार्ग को 4 लेन करने के लिए 6160 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। सागर से छतरपुर 190 किमी मार्ग का निर्माण शुरू हो गया है।

# सरकार की जनहितैषी नीतियों के चलते गरीबी का ग्राफ गिरा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों के चलते प्रदेश में गरीबी का ग्राफ तेजी से गिर रहा है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इंदिरा गांधी की सरकार ने नारा दिया था कि देश से गरीबी हटाएंगे, लेकिन देश से गरीबी तो नहीं हटी बल्कि लोग गरीबी के तले दबते चले गए। मध्यप्रदेश में 1 करोड 36 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं, जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का आभार जताता हूं और बधाई देता हूं। श्री शर्मा ने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तो उन्होंने कहा था कि मेरी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि शिवराज सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण योजनाओं के कारण लोग आत्मनिर्भर हो रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं न होना भी गरीबी है, लेकिन इस कमी को दूर करने का काम शिवराज सरकार ने किया है।

सत्य साई हार्ट अस्पताल अहमदाबाद से हुआ करार

# जन्मजात हृदयरोगी बच्चों का सरकार निःशुल्क कराएगी इलाज



**भोपाल, देशबन्धु।** एक हजार जीवित बच्चों में से लगभग 9 बच्चों में जन्मजात हृदय विकार की समस्या रहती है, जिसके उपचार पर एक लाख से 5 लाख रुपए तक का व्यय आता है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना संचालित करने का निर्णय लिया गया। योजना में नारायण हृदयालय मुम्बई, चिरायु अस्पताल भोपाल, अरविंदो अस्पताल इंदौर में बच्चों के उपचार की व्यवस्था की गई। राज्य सरकार ने वर्ष 2019 में प्रशांति मेडिकल सर्विस एंड रिसर्च फाउंडेशन के साथ 2 वर्ष के लिए अनुबंध किया और कुल 117 बच्चों को निःशुल्क उपचार प्रदान किया गया। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। वह मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व में फाउंडेशन और राज्य शासन की ओर से लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मध्य हुए एम.ओ.यू. के अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा बाल्यकालीन हृदय रोग से प्रभावित बच्चों का श्री सत्य साई हार्ट अस्पताल अहमदाबाद में निःशुल्क उपचार कराया जाएगा। इसके अंतर्गत अहमदाबाद में स्थापित चिकित्सालय में एक हजार

# संसदीय पैनल ने की सिफारिश : जजों की संपत्तियों के अनिवार्य खुलासे के लिए लाए कानून

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक संसदीय समिति ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न घोषित करना अनिवार्य बनाने के लिए एक कानून लाने की सिफारिश की है।

कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार में कहा कि एक सामान्य प्रथा के रूप में, सभी संवैधानिक पदाधिकारियों और सरकारी सेवकों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा। सुप्रीम कोर्ट इस हद तक पहुंच गया है कि जनता को सांसद या विधायक के रूप में चुनाव में खड़े लोगों की संपत्ति जानने का अधिकार है। जब ऐसा है, तो यह तर्क गलत है कि न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली स्थायी समिति ने कहा, जो कोई भी सार्वजनिक पद पर है और सरकारी खजाने से वेतन लेता है, उसे अनिवार्य रूप से अपनी संपत्ति का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना चाहिए।

केंद्र सरकार ने संसदीय पैनल को बताया कि संपत्तियों की नियमित फाइलिंग और उन्हें सार्वजनिक डोमेन में अपलोड करने के लिए तंत्र को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है। 1997 में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्ण न्यायालय द्वारा अपनाए गए न्यायिक जीवन के मूल्यों की पुनर्कथन ने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के प्रत्येक न्यायाधीश के लिए नियुक्ति के समय अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा करना अनिवार्य बना दिया और उसके बाद हर साल की शुरुआत में। 2009 में सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण पीठ ने पूरी तरह से स्वैच्छिक आधार पर, संपत्ति की घोषणा को सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर डालने का संकल्प लिया। हालांकि, वर्तमान में, सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर भारत के केवल 55 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों के संबंध में संपत्ति की घोषणा से संबंधित डेटा है, जिसे आखिरी बार मार्च 2018 में अपडेट किया गया था। इसी तरह, केवल पांच उच्च न्यायालयों की वेबसाइट पर संबंधित उच्च न्यायालयों के कुछ न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की घोषणा से संबंधित डेटा है।

## छह राज्यों में उपचुनाव का ऐलान, 5 सितंबर को होगा मतदान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने विधानसभा की सात सीटों पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। जिन राज्यों में यह उपचुनाव होने हैं, उनमें झारखंड, त्रिपुरा, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। इन छह राज्यों की सात विधानसभाओं के लिए उपचुनाव पांच सितंबर को होंगे। आठ सितम्बर को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक, झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट जगरनाथ महतो (जेएमएम) के निधन के बाद खाली हुई थी। इसी तरह केरल की पुथुपल्ली विधानसभा सीट ओमान चांडी (कांग्रेस), त्रिपुरा की बोक्सानगर सीट समसुल हक (सीपीआईएम), पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी एससी विधानसभा सीट बिष्णु पांडे (भाजपा) और उत्तराखंड की बागेश्वर (एससी) सीट चंदन राम दास (भाजपा) के निधन के बाद रिक्त हुई थी।


## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स), संभाग पन्ना (म. प्र.)

एन.आई.टी. नं. - 18 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण — पन्ना दिनांक 04.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :-

| क्रं. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनु राशि (पी.ए.सी.) (रु.लाख में) | अमानत राशि ईएमडी (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 18/1 | 2023_PWDRB_296976_1 | पन्ना - पहाड़ीखेरा मार्ग से अहिरगंवा केम्प तक 7 सड़क निर्माण कार्य । लं. 1.00 कि.मी. | पन्ना | 87.52 | 87520/- | 10000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 18/2 | 2023_PWDRB_296977_1 | सारंग मंदिर मे किटहा तक मार्ग निर्माण । लं. 1. 40 कि.मी. । | पन्ना | 106.01 | 106010/- | 12500/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 18/3 | 2023_PWDRB_296978_1 | भमका से धरमपुर चैनसिंह मार्ग तक निर्माण कार्य। लं. 3.90 कि.मी. | पन्ना | 135.60 | 135600/- | 12500/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 18/4 | 2023_PWDRB_296984_1 | हरदुआ से बिल्हा तक मार्ग निर्माण कार्य । लं.1. 95 कि.मी. | पन्ना | 148.48 | 148480/- | 12500/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 18/5 | 2023_PWDRB_296986_1 | गांधीग्राम से कल्याणपुर मार्ग निर्माण जनपद पंचायत पन्ना का निर्माण कार्य । लं. 2.90 कि.मी. | पन्ना | 212.19 | 212190/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 18/6 | 2023_PWDRB_296987_1 | भमका से कुंवरपुर मार्ग का निमार्ण कार्य । लं. 2. 70 कि.मी.। | पन्ना | 212.19 | 212190/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 18/7 | 2023_PWDRB_296989_1 | अजयगढ़-हथौहा से चंदला मार्ग ग्राम बीरा के छूटे मार्ग का निर्माण कार्य। लं. 3.50 कि.मी. | पन्ना | 445.00 | 445000/- | 15000/- | 06 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा । 3.निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 05.08.2023 समय 10:00 से दिनांक 19.08.2023 समय 5:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. अमानत राशि (EMD) केवल ऑनलाईन RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार होगी। एवं कोई भी दस्तावेज कार्यालय में भेजना आवश्यक नही हैं। समस्त सत्यापित दस्तावेज केवल ऑनलाईन संलग्न करना हैं ।

जी-18066/23

**कार्यपालन यंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) संभाग पन्ना म.प्र.**



## कार्यालय नगर परिषद् राहतगढ़, जिला सागर (म.प्र.)

www.nprahatgarh.in E-Mail-cmorahatgarh@mpurban.gov.in Fax & Phone No. 07584-254519

क्रं. /1038 / न.प. / 2023 — राहतगढ़ दिनांक 09.08.2023

**ऑनलाईन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीयन ठेकेदारों से ऑनलाईन प्रतिशत दर पर निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| जा.क्रं. | टेण्डर क्रं./ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1038 | 2023_UAD_298067_1 DATE-09.08.2023 | नगरीय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 07 तक विभिन्न स्थानों पर हाफ राउंड पाईप (नाली) स्थापना कार्य । (द्वितीय सूचना ) | 1 - 06 माह 2-1981626/- | 1-2000/- 2-14862/- | 11.09.2023 |

**नोटः**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

**( प्रियंका गोलू राय )**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद राहतगढ़**

**( आर.सी. अहिरवार )**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद राहतगढ**



## कार्यालय अधिष्ठाता बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर शिवाजी वार्ड, तिली रोड़, सागर (म.प्र.) - 470001

Website:- bmcsagar.edu.in — फोन नं. 07582-236270

E-mail:- deansmc08@yahoo.co.in — फैक्स नं. 07582 - 236457

क्रमांक- 4415/क्रय / 23 — सागर दिनांक 07.08.2023

बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पर्यावरणीय तकनीकि सलाहकार हेतु कन्सल्टेंट एजेन्सी नियुक्ति करने हेतु खुली निविदा आमंत्रण - सूचना

| निविदा का नाम | प्री बिड बैठक दिनांक | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पर्यावरणीय तकनीकि सलाहकार हेतु कन्सल्टेंट एजेन्सी नियुक्ति करने हेतु खुली निविदा | 16/08/23 दोपहर 12 बजे | 26.08.2023 शाम 6.00 तक | 26.08.2023 शाम 6.00 तक | 28.08.2023 दोपहर 12 बजे |

इच्छुक फर्म/संस्था/व्यक्ति ऑनलाईन बेवसाईट http/mptender.gov.in से एवं हमारी बेवसाईट www.bmcsagar.edu.in से भी निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है । निविदा में किये गये कोई भी संशोधन की जानकारी केवल महाविद्यालय की बेवसाईट पर उपलब्ध कराई जावेगी।

जी-18053/23

**अधिष्ठाता**
**बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय**
**सागर ( म. प्र. )**

## अवैध कमाई का हो रहा कारोबार, भटगौरा मामले के बाद भी नहीं लिया सबक

# फर्जी तरीके से चल रहे आवासीय विद्यालय






✷ अवधेश वर्मा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पलेरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत फूलपुर के भटगोरा गांव में दो महीने पहले अवैध आवासीय पुष्पा कोचिंग सेंटर में छात्रों से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। इस मामले में अवैध रुप से आवासीय विद्यालय के संचालक के खिलाफ धारा 376 सहित पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। इस घटना की रिपोर्ट परिजनों द्वारा नजदीकी थाना खरगापुर में की गई थी। गौरतलब है कि बिना मान्यता के आवासीय विद्यालय गली-मोहल्लों में बेधड़क चल रहे हैं। अधिकारी भी इन स्कूलों की तरफसे नजरें फेरे हैं। जिले में लगभग दर्जन भर आवासीय विद्यालय संचालित हैं। खरगापुर नगर में वंदना कान्वेंट स्कूल पलेरा रोड, राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल थाने के सामने, स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल जतारा रोड, एसडी मॉडल स्कूल खरो भेलसी एवं वात्सलय पब्लिक स्कूल और इसी तरह पलेरा नगर में द्रोणा कान्वेंट स्कूल, कल्पना हायर सेकेंड्री स्कूल, ओसोनिक हायर सेंकेंड्री स्कूल, लिटिल फ्लॉवर स्कूल आदि बिना मान्यता के आवासीय विद्यालय धड़ल्ले से चल रहे हैं। किसी स्कूल के पास अध्ययनरत छात्रों के ठहरने की मान्यता नहीं है। अब तक शिक्षा विभाग अधिकारियों ने इनकी सुध नहीं ली है। बताया जा रहा है कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने अवैध रुप से संचालित इन आवासीय विद्यालयों की जांच करने हेतु टीम का गठन किया था लेकिन कोई कारगर कार्यवाही नहीं की जा सकी है। शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने मामला संज्ञान में आने पर दो सदस्यीय जांच दल गठित किया है। पलेरा बीईओ आरके जैन और बल्देवगढ़ बीईओ एमके अहिरवार को अवैध रूप से संचालित आवासीय कोचिंग सेंटर की जांच के निर्देश दिए हैं। दो महीने निकलने के बावजूद भी मामले की जांच कागजों तक सीमित रह गई।

### इनका कहना है

जितने भी प्राइवेट स्कूल आवासीय संचालित किए जा रहे हैं, उनकी विद्यालय अध्ययन की मान्यता होती है। आवासीय विद्यालय की मान्यता नहीं है, इसकी जांच पलेरा बीआरसीसी और बल्देवगढ़ से कराई जाएगी। जांच उपरांत ही आवासीय विद्यालय संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे।

**शक्ति कुमार खरे,** प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी

# साइकिल सवार किशोर को टक्कर मार कर भागा कार चालक

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विजरावन तिगैला के पास चार पहिया वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मार कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम देवखा निवासी 17 वर्षीय किशोर जयप्रकाश पुत्र शिवचरण घोष 9 अगस्त बुधवार की सुबह करीब 8:30 बजे अपने घर देवखा से दिगौड़ा के बाजार में सामान लेने के लिए साइकिल से जा रहा था। किशोर जयप्रकाश जैसे ही विजरावन तिगैला के पास पहुंचा तो झांसी की ओर से आ रही नीले रंग की कार एमपी 36 सी 2905 के चालक ने कार को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए सामने से साइकिल को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से किशोर जयप्रकाश साइकिल सहित नीचे गिर गया, जिसके कारण उसे चोटें आ गई। घटना कारित करने के बाद कार चालक तेज गति से टीकमगढ़ की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों ने घायल जयप्रकाश के परिजनों को घटना से अवगत कराया। सरकारी अस्पताल दिगौड़ा में घायल किशोर का उपचार कराया गया। किशोर द्वारा अपने परिजनों के साथ पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर पुलिस ने कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## जमीनी विवाद में बड़े भाई ने बहू और भाई को पीटा

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना अंतर्गत ग्राम बछौड़ा में जेठ ने अपने भाई की पत्नि की साथ मारपीट करके उसे घायल कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बछौड़ा निवासी 36 वर्षीय महिला हीरादेवी पत्नि हल्काई बिश्वकर्मा ने अपने देवर राजू विश्वकर्मा के साथ थाना दिगौड़ा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बुधवार 9 अगस्त की दोपहर करीब 3 बजे वह चैनपुरा हार में स्थित अपने हिस्से की जमीन पर बोई गई फसल की रखवाली करने गई थी। खेत पर मौजूद जेठ मनीराम बिश्वकर्मा से जमीन को लेकर उसका विवाद हो गया। विवाद करते हुए जेठ मनीराम महिला के साथ गाली गलौच करने लगा और जब महिला ने गालियां देने से मना किया तो जेठ ने उसके सिर पर लाठी मार कर उसे घायल कर दिया।

# नशे से दूर रहकर ही कर पाएंगे बच्चों को भविष्य उज्जवलः मुन्नालाल



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में आदिवासी समाज के लोगों द्वारा विश्व आदिवासी दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाकर सभा का आयोजन किया गया। सभा के बाद डीजे बग्गी के साथ रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मां विंध्यवासिनी माता मंदिर से किया गया। रैली में डीजे बग्गी के साथ हजारों लोग पैदल चलते रहे और 'एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान' के नारे जोर शोर से लगाते रहे। मुख्य मार्ग से बस स्टैंड होते हुए हुए बम्होरी तिगैला पर रैली का समापन किया गया। आदिवासी समाज की रैली का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। रैली में क्षेत्र के हजारों आदिवासी लोग नृत्य, वाद्य, पारंपरिक वेशभूषाओं मे शामिल हुए। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के आयोजक मुन्नालाल आदिवासी ने कहा कि युवाओं को नशा से दूर रहना होगा। नशा करने से आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है और बच्चों को सही शिक्षा नहीं मिलने से बच्चों का भविष्य खराब हो जाता है। वह अपने अधिकार नहीं जान पाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को सुधारना है तो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए मेहनत जरूर करनी होगी। अच्छी शिक्षा होगी तो हमारा सफल परिवार होगा। इसके बाद भगवान दास आदिवासी ने कहा कि क्षेत्र के आदिवासी लोगों को कोई भी मेहनत करनी पड़े तो करो लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दिलाओ। बच्चों को स्कूल में भेजें ताकि बच्चे शिक्षा ग्रहण कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना पाए। उन्होंने कहा कि आजकल हमारे समाज के लोगों को नशा की लत ज्यादा लगती जा रही है। नशा ही हमारी बर्बादी का कारण है। समाज के लोगों को नशा से दूर रहना होगा, इसके लिए अभियान भी चलाया जाएगा। विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आदिवासी उपस्थित रहे।

## सिमरा समेत कंजयाना गांव में अतुल खटीक ने किया वृक्षारोपण



**पलेरा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली 71 ग्राम पंचायत में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पंचायतों में अमृत महोत्सव के रूप में वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जनपद कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की नजर ग्राम पंचायतों पर बनी रही। बताया गया है कि सर्वप्रथम ग्राम पंचायत में प्रभात फेरी निकाली गई। इसके साथ ही सरपंचों के द्वारा कन्याओं का पूजन भी किया गया। ग्राम पंचायत सिमरा खुर्द एवं कंजयाना में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को विशेष रूप से संपन्न कराया गया। अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। प्रभात फेरी एवं कन्या पूजन के उपरांत ध्वजारोहण किया गया। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक-एक पौधा लगाया गया। बच्चों द्वारा पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ जागरूकता रैली निकाली गई एवं स्कूल प्रांगण में विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस मौके पर सरपंच प्रभु पटेल, सरपंच रघुवर राजपूत, जनपद सदस्य जयप्रकाश राजपूत, लोचन यादव, घनश्याम कुशवाहा, विपिन यादव, रानू महाराज, सचिव शमसुद्दीन खान एवं सहायक समेत ग्रामीणजन मौके पर उपस्थित रहे।

## खाना खाने के दौरान विवाद होने पर युवक से मारपीट

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बर्मामांझ निवासी थान सिंह पिता करन घोष उम्र 30 साल ने अपने गांव के रामकिशन घोष के साथ पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट की गई। रिपोर्ट के अनुसार 7 अगस्त की रात करीब 8 बजे वह ग्राम सैराई के एक निमंत्रण में खाना खा रहा था, जिसके सामने लुहरगुवां गांव के भूरे घोष व भोले घोष भी पंगत में बैठकर खाना खा रहे थे। यह दोनों शराब के नशे में थे, जो उसके साथ गाली गलौज व झगड़ा करने लगे। थान सिंह ने गाली देने से मना किया तो वह दोनों वहां तो कुछ नहीं बोले और जब थान सिंह अपने घर बर्मामांझ जा रहा था तो रास्ते में ग्राम लुहरगुवां में बरिया वाले के घर के सामने उसको रोककर भूरे घोष व भोले घोष ने डंडे से मारपीट कर दी। इस घटना में थान सिंह को चोट आ गई, जिसकी रिपोर्ट उसने दिगौड़ा पुलिस थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने थान सिंह का उपचार करा कर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# अभिभावक अपने बच्चों को बनाएं संस्कारवानः आचार्य सत्येंद्र महाराज



**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के प्रसिद्ध श्री श्री 1008 हरितला सरकार मंदिर प्रांगण में 21 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं मानस प्रवचन के आयोजन में लगातार शिव भक्तों का सैलाब आयोजन स्थल पर बना हुआ है। आचार्य श्री सत्येंद्र महाराज ने रुद्राभिषेक, गोपाल सहस्त्रनाम, शिव सहस्त्रनाम और पूजन आराधना का महत्व बताया। इसके साथ ही मलमास और पुरुषोत्तम मास का भी महत्व बताया। उन्होंने बताया कि सत्संग का अवसर भगवान की कृपा से ही मिलता है। भगवान श्रीराम भी कथा सुना करते थे। संस्कृति प्रधान समाज के लिए कथा का आयोजन होना बहुत ही जरूरी है। क्योंकि आज के युग में भौतिक विकास से भारतीय संस्कृति का धीरे-धीरे पतन होते दिख रहा है। परिवारों में दूरियां बढ़ रही हैं। संयुक्त परिवार खत्म होते जा रहे हैं और एकांकी परिवार बढ़ते जा रहे हैं। अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए उन्हें सुबह में सूर्योदय के बाद सूर्य को अर्घ्य देना सिखाएं। शिव सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित 21 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं मानस प्रवचन का आयोजन नगर में 16 अगस्त तक चलेगा। प्रतिदिन आचार्य पंडित श्री सत्येंद्र शास्त्री जी महाराज के द्वारा शिवलिंग निर्माण कर उसका विधि विधान से अभिषेक कराया जा रहा है। रोजाना पार्थिव शिवलिंग निर्माण प्रातः 6 से 12 तक किया जा रहा है। इसके साथ ही दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक कथा एवं शाम 5 बजे से शिव अभिषेक का कार्यक्रम प्रतिदिन किया जा रहा है। आयोजन समिति की ओर से मंदिर प्रांगण पर भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। बम बम भोले की जयकारों से नगर का वातावरण गूंज हो रहा है।

## फांसी के फंदे पर झूलता मिला नाबालिक छात्र

**पलेरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बैड़री गांव में मासूमों की मौत का रहस्य गहराता जा रहा है। अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार के दिन 15 वर्षीय बालक राजीव कुशवाहा पुत्र बबलू कुशवाहा ने अपने ही घर में फांसी लगाकर घटना को अंजाम दे डाला। बताया गया है कि यह वारदात उस समय घटित हुई जब 15 वर्षीय बालक के परिजन खेत पर गए हुए थे। बताया गया है कि बैड़री गांव में आत्महत्या किए जाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई घटनाएं आत्महत्या के रूप में सामने आ चुकी है। लगातार नाबालिक बढ़ते अपराधों को लेकर ग्रामीण जनता ने चिंता जाहिर की है। ऐसे में शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे अभियानों का कोई असर इस गांव में नहीं दिख रहा है।

### ग्राम पंचायत देवखा में निकाली जनजागरुकता रैली

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत किया पौधों का रोपण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की जनपद पंचायत जतारा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवखा में बुधवार 9 अगस्त को सरपंच संघ के अध्यक्ष व ग्राम पंचायत सरपंच रंजीत यादव ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत वाटिका में पौधों का रोपण किया एवं ग्राम पंचायत में जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम देवखा में स्थित अमृत वाटिका में 75 पौधों का रोपण किया गया और पौधों के संरक्षण एवं रख रखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत उप सरपंच गोविंद घोष को सौंपी गई। सरपंच रंजीत यादव ने कहा कि मैं मानता हूं ईश्वर के बने सभी जीवों और पेड़ पौधों में जीवन होता है।

सभी जीवों, पेड़ पौधों सहित के जीवन के संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की होती हैं। इन सभी पौधों की समृद्धि की जवाबदेही सभी की होनी चाहिए। पेड़ लगाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है उनका संरक्षण करना, ध्यान रखना। इस कार्य को ग्राम पंचायत देवखा के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम देवखा के सेवानिवृत्त शिक्षक राधा चरण घोष, ग्राम पंचायत सचिव आशाराम घोष, हाकिम सिंह घोष, महेन्द्र सिंह घोष, राहुल सेन सहित वरिष्ठ जन व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सरकारी भूमि पर किया अतिक्रमण



**हरपालपुर, देशबन्धु।** नौगांव अनुविभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में खाली पड़ी सरकारी भूमि पर तेजी से अतिक्रमण किया जा रहा है। कहीं सरकारी जमीन पर पक्के मकान बनाकर जमीन को हड़पने की कोशिश हो रही है तो कहीं बाउंड्री वाल बनाकर कब्जा किया जा रहा है। ताजा मामला हरपालपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कैंथोकर का है जहां पहाड़ के नीचे खाली पड़ी शासकीय भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है और अब यहां पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। गांव के जागरुक लोगों ने तहसीलदार से इस आशय की शिकायत की है, जिस पर तहसीलदार ने हल्का पटवारी को जांच के निर्देश दिए हैं।

## 82 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया

**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बंधी में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक आलोक चतुर्वेदी के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों मरीजों ने शामिल होकर लाभ लिया। सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय से आए चिकित्सकों की टीम ने शिविर के दौरान कुल 182 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया जिनमें से 40 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए। इसके अलावा अन्य मरीजों को उचित परामर्श, दवाएं और चश्मों का वितरण किया गया। मोतियाबिंद के 40 मरीजों में से 11 मरीजों को तत्काल ही ऑपरेशन के लिए चित्रकूट रवाना किया गया है।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत निकाली तिरंगा यात्रा

# हाथों में झंडा लेकर निकले छात्र-छात्राएं, सिर पर कलश रख कर निकली महिलाएं



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** बुधवार को नगर में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। स्कूली छात्र, प्रशासनिक अधिकारी एवं आमजन सुबह 10 तहसील कार्यालय पर एकत्रित हुए तथा सभी हाथों मे तिरंगा झंडा लेकर एवं महिलायें सिर पर कलश रखकर मुख्य मार्गों से होते हुए मदनबेर के पास नवनिर्मित पार्क पहुँचे, जहाँ पर तिरंगा यात्रा का शपथ गृहण एवं पौधरोपण के साथ समापन किया गया। इसके तत्पश्चात सागर मे निर्मित होने वाली संत रविदास जी की प्रतिमा हेतु निकाली जा रही समरसता यात्रा नगर बल्देवगढ़ पहुँची जिसका नगरवासियों द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। समरसता यात्रा मदनबेर से प्रारंभ हुई, जिसमे कलश मे अपने नगर की मिट्टी जल एवं संत रविदास जी की चरण पादुकायें सिर पर रखकर सभी जनप्रतिनिधि आमजन रैली के रूप मे मुख्य बस स्टैण्ड, बाजार होते हुए तिगैला पर स्थित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास पहुचे वहाँ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं बल्देवगढ़ की मिट्टी जल एवं संत रविदास की चरणपादुकाओं पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगापुर विधायक राहुल सिंह ने कहा कि हम सभी को समरसता की भावना सभी लोगों मे जागृत करते हुए ऊँच नीच को खत्म करना है। हम सभी एक समान हैं, सबके प्रति सहयोग की भावना रखकर विधानसभा और जिले का विकास करने मे सहयोग करें। इस कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना, नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्व दीपक मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि विश्व दीपक मिश्रा, एसडीएम विजय कुमार सेन, मण्डल अध्यक्ष संदीप पायक, सुरेन्द्र लोधी, तहसीलदार एमपी प्रजापति, सीएमओ अरविन्द तिवारी, मुकेश अहिरवार, उपाध्यक्ष दयाराम कुशवाहा, पार्षद संध्या चौरसिया, कुर्शीद बानो, नारायण दास सोनी, भगवानदास कुशवाहा, दयाचंद राय सहित बडी संख्या मे आमजन मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत सुनवाहा में विधायक ने किया ध्वजा रोहण



### बड़ागांव धसान पहुंची समरसता यात्रा में शामिल हुए राकेश गिरी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सागर में लगभग 100 करोड रुपए की लागत से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का भवन निर्माण बनाया जाएगा। इस मंदिर निर्माण के निमित्त और सामाजिक समरसता बनाए रखने के उद्देश्य से जिले भर में समरसता यात्रा निकाली जा रही है जो बुधवार के दिन जतारा होते हुए बड़ागांव धसान पहुंची, जहां टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी ने यात्रा में शामिल होकर अपने सिर पर चरण पादुका रखकर समरसता यात्रा में भागीदारी की। इस दौरान विधायक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित नगर वासियों के साथ ढोल नगाड़े और कलश यात्रा के जरिए पुष्पो की वर्षा कर समरसता यात्रा का स्वागत किया। समरसता यात्रा बड़ागांव धसान होते हुए ग्राम पंचायत दरगुंवा पहुंची जहां सभी ग्राम वासियों ने यात्रा का आत्मीय भाव से स्वागत किया। विधायक राकेश गिरी ने यात्रा के दौरान सभी से अपील करते हुए कहा कि 12 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सागर संभाग में बनने जा रहे संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया जा रहा है जिसमें आप सभी सपरिवार शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। इसके साथ ही बुधवार के दिन मध्य प्रदेश शासन द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ जिले के सभी ग्राम पंचायतों में किया गया। टीकमगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत सुनवाहा में विधायक राकेश गिरी ने आजादी के अमृत महोत्सव के 75वीं वर्षगांठ के समापन अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया तथा आत्मनिर्भर बनाने हेतु सभी को शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्होंने स्कूली छात्र छात्राओं सहित ग्रामवासियों के साथ स्कूल परिसर में पौध रोपण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारीगण सहित ग्रामवासीजन व स्कूली छात्र-छात्राये उपस्थित रही।

## सार समाचार

### समरसता यात्रा में सम्मिलित होने अध्यक्ष ने बैठक कर ग्रामीणों को पीले चावल देकर किया आमंत्रित



**दमोह देशबन्धु।** सागर में 100 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले संत रविदास जी के भव्य मंदिर के निर्माण हेतु समरसता यात्रा 10 तारीख को दमोह के कुम्हारी से प्रवेश होगी। समरसता यात्रा का आगमन 11 अगस्त को ग्राम- कौरासा बरमासा, सिहोरा पड़रिया, हथना, बांसा तारखेड़ा में होगा। जिसकी तैयारियों को लेकर मध्यप्रदेश वेयर हाऊसिंग लॉजिस्टिक एवं कॉर्पोरेशन अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी ने ग्राम-बांसा में बैठक ली एवं सभी ग्रामीणों को पीले चावल देकर यात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया । इस अवसर पर देवकीनंदन पटेल, शेरु सिंह परिहार, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जगत सिंह, शैलेंद्र तिवारी, पंचू अहिरवाल, मयंक सिंह तोमर, अशोक पटेल के साथ अन्य नागरिको की उपस्थिति रही।

### दौड डाक कावंड यात्रा 13 को

**दमोह देशबन्धु ।** पवित्र माह श्रावण चल रहा है सो 13 अगस्त रविवार को सुबह 7 बजे श्री शिव हनुमान जेल के पास दमोह से लगभग 100 दोपहिया वाहनों से सभी शिवभक्त भेड़ाघाट जायेगे एवं भेड़ाघाट से 11 बजे कांवड भरकर दौड़ते हुए पाटन, तेंदूखेड़ा, तेजगढ़, अभाना, दमोह होते हुए बांदकपुर धाम जागेश्वर नाथ जी को नर्मदा जल समर्पित करेंगे। बड़ी से बड़ी संख्या में सभी शिवभक्त यात्रा में जरूर शामिल होये।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमः तिरंगा यात्रा, ध्वजारोहण, पौधारोपण किया



दमोह/पथरिया देशबन्धु। ग्राम सजियाहार बनकटवारी बासाकलां के प्राथमिक शाला में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली, तिरंगा यात्रा, ध्वजारोहण, पौधारोपण आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर ग्राम सरपंच यतेन्द्र सिंह, रोजगार सहायक व शिक्षक जन अभियान परिषद द्वारा संचालित सामाजिक संस्था नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति घनश्याम पटेल, हाकम अहिरवार, मोहन पटेल, हरिशंकर यादव, सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

ग्राम पंचायत इमलिया घाट में हुआ आयोजन

# विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सिद्धार्थ मलैया




**दमोह देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत इमलिया घाट में आयोजित कार्यक्रम में सिद्धार्थ जयंत मलैया सम्मिलित हुए इस अवसर पूर्व विधायक शशि ठाकुर सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के प्रबुद्ध जन एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिद्धार्थ मलैया ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस मेरी नजर में यह मानना है कि यह विश्व आदिवासी गौरव दिवस है , आप हैं तो हम हैं आप रहेंगे तो हम रहेंगे आपकी संस्कृति और आपकी विरासत सुरक्षित रहेगी तो हम शहरों में निवास करने वाले भी सुरक्षित रहेंगे, आप भारतीय संस्कृति का आधार स्तंभ है। कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक श्यामा उरैती, के एस कुरेती, झापन सरपंच जालम आदिवासी, सरपंच लौंगा बाई आदिवासी, हरदुआ सरपंच सुज्जन सिंह, हरप्रसाद धुर्वे, किशोरी आदिवासी, वीरान आदिवासी, माधव आदिवासी, करैया हरि सिंह आदिवासी, भरत आदिवासी, गोरेलाल आदिवासी, रमन खत्री, अखिलेश हजारी, राजकुमार जैन, अजय सिंह, देवेंद्र राजपूत, संतोष रोहित, सहित बड़ी संख्या में आदिवासी भाईयों की उपस्थिति रही।

## भाट खमरिया में विश्व आदिवासी दिवस मनाकर किया पौधारोपण



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** ग्राम पंचायत भाट खमरिया में मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण हुआ। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह सरपंच साधना बाई सरपंच प्रतिनिधि पंचम सिंह सचिव जन्मे जय दत्त दुबे रोजगार सहायक बसंत राजपूत दरोगी सिंह बेदी लाल राय मोहन यादव अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## औषधि निरीक्षक ने बांदकपुर के मेडिकल स्टोर्स का किया निरीक्षण



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत औषधि निरीक्षक महिमा जैन ने दमोह जिले के बांदकपुर स्थित गुप्ता मेडिकल, सिंघई मेडिकल, नैवेद्य मेडिकल, बनवार स्थित गुरुकृपा मेडिकल, एम पी मेडिकोज रोड़ में मां फार्मा, न्यू केजीएन मेडिकल स्टोर, बम्होरी मानगढ़ में कृष्णा मेडिकल एवं चंडी चोपड़ा स्थित मां नर्मदा मेडिकल की जांच की। औषधि निरीक्षक महिमा जैन ने बताया निरीक्षण के दौरान लोधी फार्मा बनवार, कृष्णा मेडिकल रोड़ बंद पाए गये। गुप्ता मेडिकल एवं नैवेद्य मेडिकल बांदकपुर से ड्रग एवं कॉस्मेटिक के नमूने लिए गए जिनको परीक्षण हेतु भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेजा गया। कुछ मेडिकल स्टोर्स में ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट के नियमो का उल्लंघन किया जाना पाया गया जिनको विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे।

## 5 अपराधियों पर की जिला बदर की कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 05 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक योगेश घारू पिता सुदामा घारू निवासी बजरिया वार्ड नं.-03 थाना कोतवाली दमोह, विजय कुमार पिता शिब्बू कोरी निवासी ग्राम खजरी थाना दमोह देहात, छोटू ऊर्फ कमलेश पिता रतन सिंह ठाकुर निवासी ग्राम नरसिंहगढ़ थाना दमोह देहात, राजाबाबू ऊर्फ उस्मान पिता अय्युब कुरैशी निवासी बजरिया वार्ड-08 नूरी नगर दमोह थाना कोतवाली एवं अनावेदक शम्मू ऊर्फ शम्मी पिता शरीफ कुरैशी निवासी बजरिया वार्ड नं.-07 थाना कोतवाली दमोह को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से आगामी 09 माह अर्थात 270 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है, तथा आदेशित किया है कि अनावेदक गण आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में केवल उसके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक गण संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देंगे तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## जबेरा विधायक लोधी ने किया विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किए



**दमोह देशबन्धु।** जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी के नेतृत्व में जबेरा विधानसभा में मनाए जा रहे विकास पर्व के अवसर पर ग्राम चिलौद, सिमरी खुर्द, बम्होरी, माला मानगढ़, परस्वाहा, गोलापटी पहुंचे, जहां प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। ग्राम माला मानगढ़ पहुंचने पर विधायक लोधी ने ग्रामिणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण करने के लिये कहा। विधायक लोधी ने ग्राम पंचायत बम्होरी में 23.61 लाख की लागत से स्टाप डेम निर्माण, ग्राम पंचायत चिलौद में 14.86 लाख की लागत से पुलिया निर्माण आदि विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर बम्होरी में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, नर्मदा प्रसाद राय, सत्येन्द्र सिंह, आशीष जैन, निजाम सिंह, रिंकू जैन, उमाशंकर शास्त्री, अभिषेक खरे, सोनू ठाकुर, अनिल दुबे, विपिन मिश्रा, राज गौतम, जीतू जैन, मणिशंकर अग्रवाल, बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थति रही।

## जनसमस्या निवारण शिविर का किया आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** विद्युत विभाग सागर क्षेत्र के मुख्य अभियंता के.एल. वर्मा द्वारा दमोह वृत्त अंतर्गत समीक्षा बैठक के दौरान 01 अगस्त से 15 अगस्त 2023 तक जनसमस्या निवारण हेतु 15 दिवसीय विशेष शिविर आयोजन किये जाने हेतु दिये गये आदेशानुसार दमोह वृत्त अंतर्गत प्रत्येक वितरण केन्द्र के लाइनमेन मुख्यालय के ग्रामों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जन समस्या निवारण शिविर के इस विशेष अभियान में दमोह वृत्त अन्तर्गत अलग-अलग 21 वितरण केन्द्रों में 01 अगस्त से 08 अगस्त तक शिविरों का आयोजन किया गया। अधीक्षण अभियंता एम.के. चौधरी ने बताया कि आयोजित किये गये शिविरों में कुल 103 आवेदन आये जिनमें से 87 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 16 आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही कर निराकरण हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया शिविरों में विद्युत बिल जमा करने एवं नये कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करने की समझाइश दी गई। अधीक्षण अभियंता दमोह वृत्त द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को क्षेत्रान्तर्गत कृषि फीडरों पर 10 घंटे एवं गैर कृषि फीडरों पर 24 घंटे विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह करते हुये कहा है कि इन विशेष शिविरों का लाभ उठा कर अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण, वितरण केन्द्र स्तर पर ही करायें।

## एमएलबी स्कूल में विधायक कप का समापन



**दमोह देशबन्धु।** खेल युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन की ओर से प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी विधायक कप का आयोजन हटा में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में हटा विधायक पी.एल. तंतवाय उपस्थित रहे एवं विधायक प्रतिनिधि सहित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश चौबे, शिवमंगल चंदेल ने की। बालिका कबड्डी के 10 मैच खेले गए, जिसमें कस्तूरबा गांधी छात्रावास की टीम विजेता रही, एमएलबी स्कूल हटा उपविजेता रही एवं तीसरे स्थान पर रसीलपुर बालिका वर्ग की टीम रही। निर्णायक मंडल में अखिलेश विश्वकर्मा, लाल सिंह ठाकुर, कमलेश सिंह ठाकुर, सूरज सिंह लोधी, सत्यम सरैया रही। पटेरा ब्लॉक समन्वयक नीलम पटेल एवं हटा ब्लॉक समन्वयक हरिराम अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया विजेता, उपविजेता एवं तीसरे स्थान पर आने वाली टीमों को प्रमाण पत्र मेडल एवं पुरस्कार दिए गए है। कार्यक्रम का संचालन सोमनाथ विश्वकर्मा के द्वारा किया गया, अजय कोरी राकेश तिवारी अरबाज खान एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## नगर परिषद में कर्मचारियों के ईपीएफ मामले में निष्पक्ष जांच हो ताकि हकीकत सामने आए

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** नगर परिषद में करीब 5-6 वर्ष से दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का ईपीएफतो काटा जा रहा है पर वह कहां जा रहा है इसकी कोई जानकारी कर्मचारियों को नही मिल पा रही है जिसको लेकर कर्मचारियों द्वारा हड़ताल पर बैठे रहें जो मंगलवार को आश्वासन के बाद खत्म हो गई। सोचने वाली बात है कि नगर परिषद में करीब 180 कर्मचारियों को रखा गया है जबकि इससे बड़ी नगर पालिका जैसी जगहों पर इससे आधे कर्मचारी काम कर रहे हैं यही वजह है कि हर महीने वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा है क्योंकि कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है भले वह काम करते नही दिखते पर निज स्वार्थ व कोई नाराज ना हो जाए इससे चक्कर में सबकुछ चल रहा है वेतन चुंगी कर से मिलता है वही शासन ने विगत माह से कमी कर दी गई है। जिला कलेक्टर से कर्मचारियों ने मांग की है कि विगत 5-6 वर्षों से ईपीएफ कटौती हुई व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को जिनको वेतन आनलाइन व आफलाइन दिया जा रहा है इसकी निष्पक्ष जांच हो।

## तेंदूखेड़ा में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया, दिया ज्ञापन



**दमोह देशबन्धु।** तेंदूखेड़ा मंडी प्रांगण में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, पूर्व विधायक प्रताप सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, अनीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कौशल्या मेमार एवं अन्य अतिथि के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा वीरांगना रानी दुर्गावती,मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने कहा कि हम सबको मिलकर इस सरकार से लड़ाई लड़नी विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कांग्रेस की कमलनाथ सरकार द्वारा अवकाश घोषित किया गया था कांग्रेस ने आपके जल जंगल जमीन के आगे लड़ाई लड़ी थी वनाधिकार अधिनियम के तहत आपको पट्टे दिए गए इस भाजपा सरकार में आदिवासी पर सिर्फ अत्याचार के के अलावा कुछ नही किया आप जाग्रत रहिये और अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजे जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद ने कहा कि हम सब आपके साथ है भाजपा सरकार जितना अत्याचार आदिवासी पर हो रहे है 18 साल की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकना है विभिन्न समस्याओं को लेकर आम जनता एवं जनप्रतिनिधि द्वारा तहसील का घेराव किया गया और एक मांग पत्र भी दिया गया इसमें कई ग्रामों की सड़क जल निगम द्वारा पानी एवं जल निगम द्वारा पानी नहीं पहुंचा जा रहा है कई विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। प्रताप सिंह पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन,पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता सिंह,पुर्व उपाध्यक्ष कौशल्या मेमार, द्वारका सिंह ब्लाक अध्यक्ष, रघुनाथ यादव, कमलेश उपाध्याय, राजा गुलाब सिंह, राजा मुकेश सिंह,गोविंद तिवारी,नीरज जायसवाल, श्रीकांत पोर्ते, सुरेन्द्र सिंह, नोनेलाल परस्ते, उमेद सिंह सरपंच, एवं समस्त स्वजातीय बंधु कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही ।

## विधिक जागरूकता और पौधारोपण कार्यक्रम हुआ



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत, प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश अध्यक्ष रेणुका कंचन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में विश्व आदिवासी दिवस एवं जनजाति संवर्धन सप्ताह अंतर्गत नालसा स्कीम 'आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिये विधिक सेवायें' के तहत बालिका छात्रावास किल्लाई नाका दमोह में जागरूकता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्रथम जिला न्यायाधीश आरती शुक्ला पाण्डेय, छात्रावास वार्डन मुकेश व्यास, कलावती सिंह, अवरार खान, रचना अहिरवार, पुष्पा एवं बालिकायें उपस्थित रहीं। जिला न्यायाधीश आरती शुक्ला पाण्डेय ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं, छात्र जीवन में अनुशासन का पालन करना आवश्यक है क्योंकि अनुशासन ही व्यक्ति को प्रगति के पथ पर अग्रसर करता है। उन्होंने बताया विधि के समक्ष सभी समान है और सभी को समान न्याय प्राप्त करने का अधिकार है कोई व्यक्ति गरीबी अशिक्षा एवं अज्ञानता के कारण न्याय पाने से वंचित नहीं हो सकता। उन्होंने बच्चों के हितार्थ बनाये गये कानून, शिक्षा का अधिकार, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा एवं महिलाओं के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा गया कि वृक्ष जीवन का आधार हैं इनके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है, इसलिये अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिये पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखें। उन्होंने आदिवासियों के हित सरंक्षण एवं प्रवर्तन के लिए विधिक सेवा योजना, एसिड अटैक, पीड़ित प्रतिकर, निरूशुल्क विधिक सहायता विषय पर उपस्थित छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के उपरांत छात्रावास परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।